राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



11 ▶ इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट ...

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



भारत में बना हाइड्रोजन ट्रेन इंजन... ◀ 12

गाजियाबाद, सोमवार 13 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 312, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### टीवीके प्रमुख विजय ने डीएमके पर नीट को लेकर तमिलनाडु को गुमराह करने का लगाया आरोप

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिल सुपरस्टार और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक विजय ने डीएमके पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को खत्म करने के झूठे वादों के साथ तमिलनाडु के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आलोचना करते हुए कहा कि डीएमके नेता ने अब स्वीकार कर लिया है कि केवल केंद्र



सरकार के पास ही नीट को खत्म करने का अधिकार है। विजय ने तर्क दिया कि यह खुलासा 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान डीएमके के धोखे को दिखाता है, जब पार्टी ने सत्ता में आने पर परीक्षा को खत्म करने का वादा किया था। उन्होंने डीएमके पर वोट हासिल करने के लिए झूठे आश्वासन देने और सत्ता में आने के बाद अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2021 के विधानसभा चुनावों में नीट एक प्रमुख अभियान मुद्दा था और डीएमके ने दावा किया था कि वे इसे खत्म करने की योजना बना रहे हैं। विजय ने सवाल किया, अब डीएमके सरकार कहती है कि केवल केंद्र ही नीट रद्द कर सकता है। क्या यह उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं है, जिन्होंने पार्टी पर भरोसा किया और उसके वादों के आधार पर उसे वोट दिया? शुक्रवार को तमिलनाडु विधानसभा में सीएम स्टालिन ने कहा कि अगर केंद्र में 'इंडियाइ गठबंधन की सरकार होती तो नीट को खत्म कर दिया जाता। हालांकि उन्होंने माना कि केवल केंद्र सरकार ही इस परीक्षा को खत्म कर सकती है। सीएम स्टालिन ने विधानसभा को यह भी याद दिलाया कि करुणानिधि और जे. जयललिता के शासनकाल के दौरान तमिलनाडु में नीट लागू नहीं किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह परीक्षा एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) के कार्यकाल के दौरान शुरू की गई थी। इस बीच, विक्कारावंडी में विजय की सार्वजनिक रैली में 3,00,000 से अधिक लोग शामिल हुए, जो तमिलनाडु की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बात है। कार्यक्रम के दौरान विजय ने भाजपा को अपना वैचारिक विरोधी और डीएमके को अपना राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बताया। उन्होंने डीएमके पर एक परिवार-केंद्रित पार्टी होने का आरोप लगाया जो व्यक्तिगत लाभ के लिए द्रविड़ पहचान का शोषण करती है, जबकि भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया।

### ठाणे में फर्नीचर के गोदाम में लगी भीषण आग, 6-7 दुकानें जलकर राख

**ठाणे (आरएनएस)।** ठाणे में भिवंडी के खांडुपड़ा इलाके में सुबह फर्नीचर के गोदाम, होटल, शादी में इस्तेमाल होने वाली लकड़ियों, भंगार के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के मुताबिक, भिवंडी कस्बे के खांडूपड़ा इलाके में भंगार के गोदाम से आग शुरू हुई। आग इतनी ज्यादा विकराल हो गई कि उसने अपनी चपेट में



तकरीबन 6 से 7 दुकानों को ले लिया। ये दुकानें आग में जलकर राख हो गईं। आग सुबह करीब 4:30 से 5:00 बजे के बीच में लगी थी।

आग की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल घटनास्थल पर शांति नगर पुलिस की टीम भी पहुंच गई है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस इलाके में तीन से चार मैरिज हाल हैं। जब इन मैरिज हॉल पर बारात आती है तो लोग आतिशबाजी करते हैं। आतिशबाजी करना मना है, इसके बावजूद भी लोग नहीं मानते। आतिशबाजी करके लोग तो चले जाते हैं, लेकिन उसका खामियाजा मैरिज हॉल के आसपास के कारोबारियों को भुगतना पड़ता है। गौरतलब है कि लगभग दो साल पहले अंसारी मैरिज हॉल में भीषण आग लगी थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां से इस तरह के मैरिज हॉल को हटाया जाए, जिससे रोज आए दिन यहां पर आग लगने का खतरा बना हुआ रहता है।

## 100, 1000 या उससे ज्यादा कर सकते हैं डोनेट....

# मुझे 40 लाख चाहिए, सीएम आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए जनता से लगाई गुहार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि जब से आम आदमी पार्टी बनी है, तब से दिल्ली के आम लोगों ने आप को सपोर्ट किया और डोनेट किया। 2013 में जब पहला चुनाव लड़े थे, घर-घर जाते थे, लोग छोटे-छोटे डोनेशन देते थे। नुक्कड़ सभा के बाद हम एक चादर फैलाते थे, लोग 10 रुपये, 50 रुपये और 100 रुपये उसमें डालते थे। आप की ईमानदारी की राजनीति इसलिए हो




पाई है कि हम बड़े-बड़े बिजनेसमैन से चंदा नहीं लेते थे। जिन दलों ने बिजनेसमैन से पैसा लिया फिर उनकी सरकारें बिजनेस मैन के लिए काम करती हैं। उन्होंने कहा, आज मैं अपने चुनाव के लिए एक क्राउड फंडिंग की शुरूआत कर रही हूं। मुझे चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये चाहिए। दिल्ली और देश के लोगों से अपील है कि मुझे डोनेट करेंगे। उन्होंने कहा लिंक पर जाकर आप डोनेट कर सकते हैं। आप चाहें तो 100 रुपये डोनेट करें, 1000 रुपये डोनेट करें या उससे ज्यादा डोनेट करें, लेकिन आप लोगों के ही डोनेशन से मैं कालकाजी में विधानसभा चुनाव लड़ूंगी। आतिशी ने कहा, गलत तरीके से चुनाव लड़ना आसान है। 40 लाख रुपये मुख्यमंत्री के लिए एकत्रित करना गलत तरीके से आसान है। दिल्ली का 77000 करोड़ बजट है। अगर हम गलत तरीके से पैसे एकत्रित करना चाहें, तो 40 लाख रुपये एकत्रित करने में एक दिन भी नहीं लगेगा।

# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है। निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका जाएंगे। 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री

### विदेश मंत्री एस जयशंकर जाएंगे अमेरिका

अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठक करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे। इससे पहले अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण



समारोह से 5 दिन पहले बुधवार को ओवल ऑफिस से विदाई भाषण देंगे। 20 जनवरी को पद छोड़ने से पहले यह राष्ट्रपति के तौर पर अमेरिकियों और दुनियाभर के लोगों के लिए बाइडेन का अंतिम भाषण होगा, जो रात 8 बजे आरंभ होगा। वह सोमवार को विदेश मंत्रालय में अपने कार्यकाल की विदेश नीति पर केंद्रित एक भाषण देंगे।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं : पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं। वह युवा दिमाग में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उजागर करने के लिए एक वीडियो क्लिप भी शेयर की। उन्होंने कहा कि यह भारत की युवा शक्ति का दिन है, जो उस महान व्यक्ति को समर्पित है, जिसने ब्रिटिश राज के दौरान भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था।

पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद भी कहते थे कि भारत की आकांक्षाएं युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता तथा बौद्धिकता पर निर्भर हैं। स्वामी विवेकानंद का मार्गदर्शन भारत के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। वीडियो में पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद के दो संदेश हर भारतीय युवा का हिस्सा होने चाहिए- संस्था और नवाचार। संस्था तब बनती है जब हम अपने विचारों का विस्तार करते हैं और टीम भावना के साथ काम करते हैं। प्रत्येक युवा को अपनी व्यक्तिगत सफलता को टीम की सफलता में बदलना चाहिए। यह टीम भावना भारत को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे ले जाएगी। स्वामी विवेकानंद की आज (12 जनवरी) जयंती है। राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह दिन युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सामाजिक प्रगति के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है।

स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में पीएम मोदी रविवार को दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी पूरे भारत से आए 3,000 गतिशील युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे और सभा को संबोधित भी करेंगे। विकसित भारत युवा नेता संवाद का उद्देश्य पारंपरिक तरीके से राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है।

यह पीएम मोदी के स्वतंत्रता दिवस के आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक संबद्धता के राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को वास्तविकता बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का आह्वान किया गया है।



**पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद भी कहते थे कि भारत की आकांक्षाएं युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता तथा बौद्धिकता पर निर्भर हैं। स्वामी विवेकानंद का मार्गदर्शन भारत के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है**

# कोहरे की चादर में लिपटा गुलाबी शहर, लोगों को सुबह-सुबह सर्द हवाओं और कम विजिबिलिटी का करना पड़ा सामना

**जयपुर (आरएनएस)।** सर्दियों की दस्तक के साथ गुलाबी नगरी जयपुर कोहरे की घनी चादर में लिपटी नजर आ रही है। ठंड



ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, और शहरवासियों को सुबह-सुबह सर्द हवाओं और कम विजिबिलिटी का सामना करना पड़ रहा है।रविवार सुबह जयपुर में कोहरे की परत इतनी घनी थी कि सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। विजिबिलिटी घटकर 50-100 मीटर तक रह गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक कोहरे का यह सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

ठंड और कोहरे के इस मौसम ने एक ओर जहां लोगों को गर्म कपड़ों में दुबकने पर मजबूर कर दिया, वहीं दूसरी ओर सुबह की चाय और मूंगफली का आनंद बढ़ा दिया है। हालांकि, इस घने कोहरे ने हवाई और रेल यातायात पर भी असर डाला है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कोहरे का कारण उत्तरी भारत से आ रही सर्द हवाएं और कम तापमान है। आने वाले दिनों में तापमान और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

शहरवासियों को सलाह दी गई है कि यात्रा के दौरान सतर्कता बरतें और कोहरे में वाहन चलाते समय फॉग लाइट्स का इस्तेमाल करें।

# बिहार बंद को लेकर सड़क पर उतरी छात्र युवा शक्ति

**पटना (आरएनएस)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच, पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के रविवार को बिहार बंद के आह्वान पर छात्र युवा

### बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग

शक्ति के बैनर तले बड़ी संख्या में युवा और छात्र सुबह सड़कों पर उतर गए। पटना के अशोक राजपथ पर छात्रों ने सड़क पर टायर जलाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया।

सांसद पप्पू यादव ने रविवार को एकदिवसीय बिहार बंद का ऐलान किया है। पटना, हाजीपुर, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल समेत कई जगहों पर बंद समर्थक सड़क पर उतर गए हैं। प्रदर्शनकारी सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन कर रहे हैं। इनका कहना है कि बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द करें और फिर से परीक्षा लें। प्रदर्शनकारी नीतीश सरकार के विरोध में नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी सड़क पर आग जलाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई इलाकों में दुकान बंद




हैं। सड़कों पर भी आवागमन कम देखा जा रहा है। प्रदर्शनकारी बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग कर रहे हैं।

बंद कराने सड़कों पर उतरे छात्र नेता मनीष यादव ने कहा कि हम लोग शुरू से ही बीपीएससी अभ्यर्थियों को न्याय देने की मांग कर रहे हैं लेकिन, सरकार ठंड के मौसम में लाठियां बरसा रही है, पानी की बौछार की जा रही है, जेल में डाला जा रहा है। आखिर हमारे पास क्या रास्ता बचा था। आज हम लोग सड़क पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि आज सांसद पप्पू यादव के नेतृत्व में छात्र युवा शक्ति सड़कों पर उतरी है। अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम आत्मदाह कर लेंगे लेकिन छात्रों के सवाल पर पीछे नहीं हटेंगे। यह बिहार के चार लाख छात्रों का सवाल नहीं है, 13 करोड़ लोगों की बात है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार तक आवाज नहीं पहुंची तो ऐसे ही धरना, प्रदर्शन और बंद चलता रहेगा। पटना जिले के बाढ़ में पप्पू यादव के समर्थकों ने जाम कर प्रदर्शन किया, गया में भी टायर जलाकर प्रदर्शन किया। युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने गया के सिकरिया मोड़ के पास सड़क को जाम किया। फिर विभिन्न मुख्य मार्ग होते हुए प्रदर्शन किया। इस बंद का कई छोटी पार्टियों ने भी समर्थन दिया है।

## उद्घाटन | केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी ने प्रतिभागियों की सराहना की

# नितिन गडकरी और कंगना रनौत ने खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया

**नागपुर (आरएनएस)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा नेता कंगना रनौत ने महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी ने प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि हमने इस साल सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मुझे खुशी है कि यह आयोजन सातवें साल हो रहा है। हम सभी को इस खेल महोत्सव का आनंद लेना चाहिए।

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 में सुबह-सुबह हिस्सा लेने के लिए नागपुर के लोगों की प्रशंसा की और उनके उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा, लोग सुबह-सुबह यहां




आए हैं, इससे साबित होता है कि नागपुर एक उत्साही शहर है, लोग उत्साह से भरे हुए हैं। इस मौके पर भाजपा नेता कंगना रनौत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि नागपुर में खेल और शारीरिक गतिविधि के लिए जो ऊर्जा और उत्साह है, मेरा मानना है कि अन्य शहरों और गांवों को भी इसे अपनाना चाहिए। शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य के बारे में यह उत्साह और जागरूकता वाकई उल्लेखनीय है। हमने भी इसमें हिस्सा लिया और बहुत आनंद आया।

कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी के बारे में कहा, पहली बार हमारी फिल्म की स्क्रीनिंग नागपुर में हुई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फिल्म की तारीफ की और इसे बेहतरीन तथा प्रामाणिक बताया।

हम चाहते हैं कि पूरा देश इस फिल्म को देखे। यह 17 जनवरी को रिलीज हो रही है, इसलिए कृपया अपने परिवार के साथ जाएं और फिल्म के लिए अपना समर्थन दिखाएं।

## महाकुंभ मेला 2025



श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण के साधु (पवित्र पुरुष) महाकुंभ मेला 2025 के लिए पेशवाई धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए, जो प्रयागराज में संगम की ओर उनके औपचारिक प्रवेश का प्रतीक है।

# विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित हुए आर्यन गौड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा गंगा वारियर्स के संस्थापक आर्यन गौड़ को सम्मानित किया गया। बुलंदशहर को पहली बार यह अवार्ड मिला है। डिबाई के गाँव कर्णवास निवासी आर्यन गौड़ गंगा की स्वच्छता बनाये रखने में वर्ष 2018 से योगदान दे रहे हैं। उन्होंने समाज के उस क्षेत्र को चुना, जिससे लोग दूर भागते हैं। उन्होंने अपनी संस्था गंगा वारियर्स के साथ गंगा की स्वच्छता को बनाए रखने का कार्य किया है। इनके कार्यों के लिए पूर्व में भी जल शक्ति मंत्रालय से वाटर हीरो अवार्ड मिला है। आर्यन गौड़ ने बताया कि उनकी संस्था में सभी युवा शिक्षित हैं। कई युवा तो सरकारी जॉब करते हैं। सभी का उद्देश्य जिले से बहने वाली गंगा को स्वच्छ बनाये रखना है। वर्ष 2018 से सभी मिलकर अहार,अनूपशहर, कर्णवास, राजघाट, नरौरा और रामघाट में समय समय पर स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाते हैं। उन्होंने कहा यह सम्मान बुलंदशहर के सभी स्वच्छता प्रेमियों का है, जो किसी भी तरह अपनी नदी, तालाब को साफ बनाने में जुटे हैं। पुरुस्कार स्वरूप 50 हजार रुपये की धनराशि, प्रमाण पत्र, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा और अंगवस्त्र प्रदान कर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया इसके अलावा इनके निवास स्थान के आस पास की सड़क का नामकरण भी इनके नाम पर होगा।

इस मौके पर नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक चंद्रप्रकाश चौहान,भाजपा नेता कुश शर्मा, गंगा वारियर्स के सरंक्षक भारत भूषण भारद्वाज, आदित्य गौड़,उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, भूपेंद्र ,पवन शर्मा सिंह सहित तमाम लोगों ने बधाई दी है।

# दो शातिर चोर मोनू और जितेंद्र जोशी गिरफ्तार, कब्जे चोरी किया गया ऑटो, अवैध असलहा बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ के उपरांत दो शातिर चोरो को चोरी किये गये ऑटो व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 25/25 धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा गत रात्रि में अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लाल कुआ से भूड़ चौराहा जाने के लिए ऑटो बुक किया था। जब ऑटो चालक थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत गुलावठी अंडरपास के पास ग्राम चिरौली से पहले शौच करने के लिए रुका तभी अभियुक्तगण ऑटो लेकर भाग गये। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-30/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।

# रेलवे ट्रेक से रेलवे के मोटर चोरी करने वाले गिरोह के तीन चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गुलावठी।** स्वाट टीम, थाना गुलावठी पुलिस व आरपीएफ टीम द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर रेलवे ट्रेक से रेलवे के मोटर चोरी करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तों को ग्राम अकबरपुर रेलवे अंडरपास बाग से मोटर के पार्ट्स, 02 लच्छे तांबे के तार, मोटर के कवर, चोरी करने के उपकरण आदि सहित सुधीर उर्फ तोतला पुत्र किशन चंद निवासी ग्राम भमरा थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर। फिरोज पुत्र बाबू निवासी उपरोक्त।सलमान पुत्र फारूख निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को विधायक ने दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**खुर्जा ।** खुर्जा विधानसभा की क्षेत्रीय विधायक मीनाक्षी सिंह ने अपने खुरजा स्थित कैंप कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के सभी नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं व क्षेत्रवासियों के साथ स्वागत किया और सभी को उज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।

विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व ही भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा खुरजा विधानसभा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। जिसमें जवा मंडल सें पुष्पेंद्र चौधरी , अरनिया मंडल से दीपक चौहान, खुरजा मंडल से सचिन शर्मा जी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। मूँड़ा खेड़ा मंडल में नरेश सोलंकी को होल्ड किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह जी ने सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों के साथ सभी मंडल अध्यक्षों का भव्य स्वागत किया गया एवं सभी ने उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।

# इलेक्ट्रॉनिक बाजार हुआ गुलजार, हीटरों की बिक्री बढ़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** रविवार को गलन से हाथ पैर सुन्न पड़ गए। बफीर्ली हवाएं चलने से हालात बद से बदतर हो गए हैं । गलन बढ़ने पर इलेक्ट्रिक बाजार गुलजार हो गया इन दिनों बाजार में हीटर की मांग बढ़ गई है। वातावरण में सर्दी बढ़ने के साथ ही सर्दी से बचाव के लिए सर्दी से राहत दिलाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग भी बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादो. हीटर गीजर इमरान रोड रूम हीटर आदि की खरीदारी के लिए दुकानों पर भीड़ नजर आने लगी है। भले ही पिछले साल से कीमत में 10 15 फीसदी इजाफा हो गया हो लेकिन गर्माहट के बाजार में रौनक छा गई है। घर-घर हीटर खरीदे जा रहे हैं परिजनों को सबसे अधिक बच्चों एवं बुजुर्गों को सेफ रखने की चिंता सता रही है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** ब्लाक पहासू के अहमदगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का हुआ आयोजन। आरोग्य मेला में करीब 52 रोगियों का उपचार किया गया। जिसमें कि आयुर्वेद के महत्व दिनचर्या ऋतुचर्या व्यायाम योगाभ्यास आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ नीलम प्रभारी चिकित्साधिकारी राज कीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सरगांव बाबू सिंह संदीप शर्मा फार्मासिस्ट सोनम नर्स आदि उपस्थित रहे।



# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दावेदारों के लखनऊ में हुए इंटरव्यू

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** लोकसभा चुनाव के बाद से खाली चल रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया आखिरी चरण में है । जिले में शक्ति प्रदर्शन के बाद रविवार को लखनऊ में कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्ष दावेदारों के साक्षात्कार हुए और जिले के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की गई।। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दावेदारों से वार्ता की। कांग्रेस के वरिष्ठ स्थानीय नेताओं से भी संगठन को लेकर राय ली गई है । जिले के दावेदारों से वार्ता के बाद अब जल्द ही जिलाध्यक्षों की घोषणा हो सकती है । जिलाध्यक्ष पद के लिए रविवार को लखनऊ में पूर्व विधायक प्रत्याशी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान, मुनीर अकबर, सुभाष शर्मा, साजिद चौधरी, डॉ इरफान, अम्बरीष वर्मा, दानिश कुरैशी और शहर अध्यक्ष के लिए पौरुष शर्मा, कैफी फैसल, मनीष चतुर्वेदी का साक्षात्कार हुआ । इनमें जिले पर जियाउर्रहमान और सुभाष शर्मा के बीच मजबूत दावेदारी है ।

जिले से लखनऊ बैठक में शामिल होने वालों में सुभाष गांधी, नरेंद्र त्यागी, पूर्व विधायक प्रत्याशी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी, मुनीर अकबर, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, संजय शर्मा, सुभाष शर्मा, साजिद चौधरी, डॉ इरफान, अम्बरीष वर्मा, दानिश कुरैशी, पौरुष शर्मा, कैफी फैसल, मनीष चतुर्वेदी, महिपाल सैनी, नरेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे ।

# टूटी पाइप लाइन से गंदा पानी पीने को मजबूर मुफ्तीबाडा मौहल्ला के लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शुद्ध पानी पिलाने का दावा करने वाली सरकार के दावों को जल निगम विभाग फेल होता हुआ नजर आ रहा है। शहर के मौहल्ला मुफ्ती वाला में सप्लाई किए जाने वाला पानी कीचड़ युक्त आ रहा है। कीचड़ मिला हुआ पानी आमजन के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डाल रहा है कई बार अधिकारियों से साफ पानी सप्लाई करने के लिए कहा गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोग अभी भी गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी शुभम, वीरवती, राजेश, दुर्गा, शिवानी, नीलम, खुशी, चमेली, मीनाक्षी, लक्ष्मी, लवदीप राव, राहुल, अर्जुन, वरुण, बंटी, हिमांशु, अरुण, नैतिक आदि ने बताया कि अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर शिकायत की थी।



# प्रायोजित कैंटर लूट की घटना का खुलासा, अपने साथ घटना कराने वाला कैंटर मालिक व चालक अपने अन्य 03 साथियों सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**बुलंदशहर ( वसीम सिद्दीकी)।** थाना अरनिया पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ईशनपुर फ्लाई ओवर के नीचे से लूट की घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार

**कब्जे से लूटा गया कैंटर 236 बोरे लहसुन(वजन करीब 11 टन) सहित, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, अवैध असलहा बरामद**

अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया कैंटर 236 बोरे लहसुन( वजन करीब 11 टन), घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार व अवैध असलहा बरामद किया गया अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता 1. नईम पुत्र नाशिर निवासी हावल थाना पिलखुवा थाना हापुड 2. सलमान पुत्र ईशहक निवासी मादापुर थाना पिलखुवा हापुड 3. शहरियाब पुत्र अफसर अली निवासी मादापुर थाना पिलखुवा हापुड 4. असलम पुत्र हकीकत निवासी वीरमपुर थाना सिम्भावली हापुड गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 06-01-2025 की रात्रि में थाना अरनिया क्षेत्र में ईशनपुर फ्लाईओवर पर लहसुन से भरा 01 कैंटर लूटने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर मुअसं-09/25 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत हैं। घटना का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्त नईम व उसका साथी सलमान अपनी-अपनी गाडी के मालिक व चालक हैं। अभियुक्त नईम गाडी की किस्ट टूटने व घर के अन्य खर्चों की वजह से पैसो की तंगी में था इसलिए उसने सलमान के साथ मिलकर गाडी लूटवाने की योजना बनायी तथा योजनानुसार दिनांक 06-01-2025 की रात्रि में थाना अरिया क्षेत्र में ईशनपुर फ्लाईओवर पर अभियुक्त सलमान ने अभियुक्त असलम, शहरियाब व 01 अन्य साथी के साथ मिलकर प्रायोजित कैंटर लूट की घटना कारित की गयी।

# नगर के एससीए मेमोरियल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** एससीए मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है इस दिन को मनाने की शुरूआत वर्ष 1984 में की गई थी। राष्ट्रीय युवा दिवस का विषय "राष्ट्र निर्माण" के लिए युवा सशक्तिकरण है,और इस वर्ष की थीम भविष्य के लिए लचीलेपन और जिम्मेदारी के साथ राष्ट्र को आकार देना है इसलिए इस दिवस पर कैडेट्स ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित पोस्टर बनाएं और वाद विवाद प्रतियोगिता की। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन वी के अग्रवाल, डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह, प्रशासक शुभम अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, व रिजवान अहमद मोनिका राजपूत मौजूद रहे।

**जयंती**

## स्वामी विवेकानंद की 162 वी जयंती जनपद भर में युवा दिवस के रूप में मनाई गई

# युवाओं को जगाने में सक्षम है स्वामी विवेकानंद की वाणी: डॉ चंद्र मोहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**शिकारपुर।** स्वामी विवेकानंद की 162 वी जयंती जनपद भर मै युवा दिवस के रूप में मनाई गई। राष्ट्र स्वाभिमान संघ द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में मनाया गया जिसका कार्यक्रम समारोह सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज शिकारपुर मैं आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष काशी पंडित राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्र स्वाभिमान संघ एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्र मोहन प्रदेश मंत्री उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ आलोक वेजान, एवं कवियत्री शुभम त्यागी मेरठ, एवं संचालन राहुल शर्मा अतरौली राष्ट्रीय महासचिव एवं धीरज शर्मा प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश मुकुल शर्मा, शम्मी शर्मा,पत्रकार मनोज कुमार ओझा आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।सभी वक्ताओं ने प्रथम प्रथम रूप से युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र एवं उनके त्याग और तपस्या के बारे में अपने उद्बोधन के माध्यम से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चंद्र मोहन प्रदेश मंत्री ने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भागीदारी अहम है । युवाओं को जगाने में सक्षम है स्वामी विवेकानंद की वाणी ।हजारों की संख्या में कॉलेज परिषद के विद्यार्थी एवं समाज क्षेत्र से आए हुए लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक कुशल सिंघल रहे।

# डीएम और एसएसपी द्वारा थाना समाधान दिवस पर थाना कोतवाली देहात में सुनी जनसमस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर(वसीम सिद्दीकी)।** शासन के निदेर्शानुसार फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए जनपद के सभी थानों पर थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा थाना कोतवाली देहात में आयोजित थाना दिवस में प्रतिभाग करते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं वास्तविक त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा वलीपुर नहर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। पूर्व में 09.01.2025 को रात्रि में एक स्विफ्ट कार नहर में गिर गई थी जिसमें दो व्यक्ति लापता हुए हैं, लापता व्यक्तियों की तलाश अभी जारी है, जिसपर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नहर में सर्च टीमों से मिलकर शीघ्र ही तलाश करने के निर्देश दिए, साथ ही जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लापता व्यक्तियों के परिवारजनों से मुलाकात कर जानकारी प्राप्त की और शीघ्र ही लापता व्यक्तियों को ढूंढने का आश्वाशन भी दिया।



# ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**







**ग्रेटर नोएडा (मौ0 बिलाल)।** ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। इस बार आदेश भाटी को ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा रोहित प्रियदर्शन को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

महासमिति के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में चुनाव अधिकारी राकेश चौहान और सह चुनाव अधिकारी सुभाष शर्मा के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।आदेश भाटी ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बन गए हैं। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजेश भाटी, बृजेश भाटी और कपिल शर्मा के कंधों पर है। रविंद्र जयंत को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद पर तरुण भड़ाना, शफी मोहम्मद सैफी और अशोक तोगड़ हैं। इसके अलावा मयंक तंवर, सीएल मौर्य, नरेंद्र ठाकुर, अभिनव, समीर आलम, दीपक शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, भूपेश ठाकुर और खालिद सैफी को ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब के संरक्षक पंकज पाराशर, सुभाष यादव और देवेंद्र सिंह बने हैं। इसके अलावा महकार भाटी को अनुशासन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। विशाल दुबे वित्त समिति के अध्यक्ष बने हैं। अरविंद मिश्रा सदस्य समिति के अध्यक्ष बने हैं। अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में चुनाव अधिकारी राकेश चौहान और सह चुनाव अधिकारी सुभाष यादव के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

# सुरेविन में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव और विंटर कार्निवल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**







**मोदीनगर (अनवर खान)।** ग्यारह जनवरी का सर्द दिन, उस पर अलसाये से सूरज का धीरे-धीरे निकलना, बादलों की सूरज के साथ अठखेलियां, और गुनगुनी लेकिन ठंडी सी धूप के बीच खुले आसमां के साये तले सूरेविन के विद्यार्थियों के नृत्य की थिरकन से उत्पन्न हुए नवरंग

## पारंपरिक प्रस्तुतियों के जरिए विद्यार्थियों ने बिखेरा भारतीयता का रंग

में विश्वगुरु भारत देश की संस्कृतियों के अलौकिक दर्शन....और इन अद्भुत दृश्यों से प्रभावित दर्शकों की देश प्रेम से ओत-प्रोत धड़कन।

ये हसीं नजारे निवाड़ी स्थित सूरेविन इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह 'युगांतर' और विंटर कार्निवल 'नवरंग-उत्सव उल्लास का' के भव्य आयोजन के दौरान देखने को मिले। और इन अविस्मरणीय पलों के साक्षी बने वहां मौजूद हजारों विद्यार्थी, अभिभावक, स्कूल प्रबंधन और सभी अतिथि गण। 'युगांतर' में मौजूद मुख्य अतिथि एमके अग्रवाल ने जहां स्कूल द्वारा अति आधुनिक शिक्षा प्रदान कराने के साथ ही विद्यार्थियों के भीतर संस्कारों का समावेश कराए जाने की मुक्तकंठ से सराहना की वहीं स्कूल प्रबंधन में शामिल डॉ शिखा दरबारी ने विद्यार्थियों को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकाग्रता व लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कन्या शिक्षा की पैरवी करते हुए अभिभावकों से बेटियों को पढ़ाने की पुरजोर अपील भी की। मध्याह्न तक चले वार्षिकोत्सव में अतिथियों के अलावा स्कूल के पुरातन छात्रों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मध्यांतर के बाद ढोल की थाप पर भांगड़ा करते हुए बोनफायर कर विंटर कार्निवल की शुरूआत की गई। इस दौरान राज्य अनुसार परिधान पहने विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर स्कूल के विशाल मैदान में लगे अनेक प्रकार के झूलों पर बच्चों ने खूब सवारी की और विभिन्न फूड स्टालों पर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। शाम तक चले इस विंटर कार्निवल में सर्दी की परवाह किए बगैर बच्चे उमंग और उल्लास से भरे हुए नजर आए। और अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु ने सभी अतिथियों के साथ ही समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्कूल के तमाम स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ विष्णु दरबारी, प्रबंधक तुषार गुप्ता, पायल श्रेणी, निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, पतला चेयरमैन रीता चौधरी, मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली, देवेंद्र चौधरी, खेमचंद आर्य, राजकुमार वर्मा, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या डॉ सोनिका जैन, डॉ अलका चौधरी, समाज सेविका सुमन चौधरी, मनजीत चौधरी, सुभाष त्यागी, शिशुपाल चौहान, सत्येंद्र नाथ, जितेंद्र त्यागी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# लॉ के छात्र पर जानलेवा हमला, 5 युवकों ने सुए से छेद डाला शरीर, डॉक्टरों को निकालनी पड़ी किडनी

**नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा प्रौद्योगिकी संस्थान में पांच युवकों ने एक लॉ के छात्र पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक किडनी निकालनी पड़ी है। वह अभी भी अस्पताल के आईसीयू में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

नोएडा के एशियन लॉ कॉलेज में बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र कनव नेगी, जो मूल रूप से उत्तराखंड के गढ़वाल का रहने वाला है और नोएडा के सेक्टर 105 में रहता है, त्रहद्वञ्ज में सेमेस्टर एग्जाम देने आया था। एग्जाम से पहले वह अपनी कार में बैठकर तैयारी कर रहा था। तभी पांच युवक वहां आए और उससे उसका नाम पूछा। नाम पता चलते ही युवकों ने कनव के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और फिर उसे कार से बाहर खींचकर बर्फ तोड़ने वाले सूजे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपियों ने छात्र के पेट, पीठ और कंधे पर कई बार सूजा घोंपा। हमले में कनव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। सूजे के वार से उसकी एक किडनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे डॉक्टरों को निकालना पड़ा। छात्र की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वह आईसीयू में वेंटिलेटर पर है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने छात्र के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश कर रही है।

# वृद्धाश्रम में सेवार्थ ने बुजुर्गों को दी गरम जैकेट्स

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** सामाजिक संस्था सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा सुचेता पुरी स्थित वृद्ध आश्रम में एकाकी जीवन बिता रहे बुजुर्गों को भयंकर सर्दी से बचाव हेतु गरम जैकेट्स वितरित की गईं। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष सचिन वर्मा ने बताया कि संस्था लगातार समाज सेवा के कार्य कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को संस्था के अनेक पदाधिकारी उनके साथ सुचेता पुरी कॉलोनी स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचे। और वहां रह रहे बुजुर्गों को गरम जैकेट्स प्रदान की। इस दौरान सभी ने उन बुजुर्गों के साथ बातचीत कर उनके एकाकीपन को दूर करने का प्रयास किया। जिसके बाद उन बुजुर्गों ने सभी पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक लाभेंद्र देव कौशिक व डॉ केवल कृष्ण थम्मन, विष्णु वर्मा, प्रदीप मुंशी, दौलत राम, सोनम वर्मा, रजनी वर्मा, रीता गुप्ता एवं वृद्धआश्रम के सदस्य रूपचंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# विदेशियों के साथ मिलकर ठगने का काम कर रही कंपनी : कुलवंत शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**लोनी (अकरम सैफी)।** एक तरफ देश में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोकल फॉर लोकल,की बात करते हैं,तो वहीं मोबाइल कंपनी सैमसंग इस आह्वान की धज्जियां उड़ा देती हैं। हालांकि मोबाइल डीलर्स ने हर तरफ से एडजस्ट करने की कोशिश की, लेकिन सैमसंग सभी सीमाओं को लांघ रहा है।जिसके चलते अब सभी मोबाइल रिटेलर्स ने आल इंडिया मोबाइल रीटेलर एसोसिएशन (AIMRA) के बैनर तले एक बड़ा फैसला लिया है,15 जनवरी को सैमसंग का सारा स्टॉक डिस्ट्रीब्यूटर्स के ऑफिस में वापस करने का,एसोसिएशन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा ने बताया।कि सैमसंग ने उनके व्यापारियों को मानसिक और आर्थिक तौर पर प्रताड़ित किया है। सैमसंग कंपनी ने विदेशी कंपनियों के साथ साठ-गाठ करके देश के व्यापारियों को मारने का काम किया है,सैमसंग कंपनी विदेशी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर एक्सक्लूसिव मॉडल सेल कर रही है,जबकि रिटेलर्स को यही मॉडल उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।रिटेल में कुछ मॉडल न देकर कस्टमर को डायरेक्टली ई-कॉमर्स वेबसाइट पर ले जाना,यह धोखा है रिटेल ट्रेड के साथ,एक ही प्रोडक्ट को अलग-अलग चैनल के जरिए अलग-अलग प्राइस पर बेचना,यह धोखा है हमारे कस्टमर के साथ।एसोसिएशन ने हर स्तर पर यह प्रयास किया कि सैमसंग अपनी कथनी और करनी में बदलाव करे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।जिसके चलते अब सभी मोबाइल रिटेलर्स ने एकजुट होकर यह फैसला लिया है। 15 जनवरी को सैमसंग का सारा स्टॉक डिस्ट्रीब्यूटर्स के ऑफिस में वापस कर दिया जाएगा।नितिन बांगिया ने कहा,हमने सैमसंग को कई बार मौका दिया, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी,अब हमारे पास कोई और विकल्प नहीं बचा है।15 जनवरी को सैमसंग का सारा स्टॉक वापस करना ही हमारी आखिरी चेतावनी है।यह फैसला न केवल सैमसंग के खिलाफ एक बड़ा कदम है, बल्कि यह संदेश भी है कि रिटेलर्स अब और ज्यादा अन्याय नहीं सहेंगे।

# चाकू और तमंचा के साथ 2 गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**रबूपुरा ( उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली पुलिस ने बीते शुक्रवार की रात गस्त के दौरान बाइक पर सवार दो युवकों को एक चाकू व तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार की रात मुखबिर की सूचना के आधार पर तिरथली गांव के समीप स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया । तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से कारतूस के साथ एक तमंचा व चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान वसीम निवासी गांव मोहम्मदपुर कला व अर्जुन कश्यप थाना सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर के रूप में हुई है।

# निर्माणधीन मकान से चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली पुलिस ने निर्माणधीन मकानों व क्षेत्र के अन्य स्थानों से चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान, पैडल रिक्शा और ग्रीडर मशीन बरामद की । गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार की रात में पुलिस टीम कस्बे के फलैदा रोड पर गश्त कर रही थी। तभी एक रिक्शे पर दो लोग सवार होकर जा रहे थे । पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने लगे। पुलिस टीम को शक होने पर पुलिस ने उनका पीछा कर पकड़ लिया। पूछताश में उनकी पहचान मोहसिन उर्फ चिकट निवासी गांव चोरौली थाना जहांगीरपुर व आबिद निवासी रबूपुरा के रूप में हुई है। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया 120किलो सरिया एक ग्रीडर मशीन और पैडल रिक्शा बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि , 26 दिसंबर की रात को मिजार्पुर रोड से अधिवक्ता विक्रम सिंह मीणा के निमार्णाधीन मकान व कस्बे के फलैदा रोड से नगर पंचायत द्वारा बनाए जा रहे नाले के सरिया व अन्य सामान को चोरी कर रिक्शा लोडर पर ले जाकर कबाड़ी को बेच देते है। जिन्होंने क्षेत्र में पिछले कई महीनो में कई चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उधर पुलिस टीम चोरी का सामान खरीदने वाले कबाडी मोसिम की तलाश कर रही है।

# पुलिस ने किए दो वारंटी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि, क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी छोटू व बंटी जो की पिछले काफी समय से उनके खिलाफ चल रहे एक केस की सुनवाई में न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। जिसके कारण कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी किया था। शुक्रवार को सूचना के आधार पर दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# कार्यालय ग्राम पंचायत कुतुबपुर वि0ख0 लखावटी (बुलन्दशहर)

पत्र सं0 मीमों/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा0पं0/निविदा/2024-25 दिनांकः- 11.01.2025

## -: निविदा सूचना:-

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत द्वारा 15वॉ वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार कार्यो को कराने हेतु शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से दिनांक 18.01.2025 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा पुनः आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार ग्राम पंचायत स्तर के कार्यालय पर रखे निविदा बाक्स में निविदा डाल सकते है। निविदा दिनांक 18.01.2025 को ही अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत कुतुबपुर के कार्यालय पर उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। आयकर, जी0एस0टी0 नम्बर धारक तथा श्रम विभाग में पंजीकृत ठेकेदार एंव निर्माण कार्य विभाग आर0ई0डी0 पी0डब्लू0डी0, सिचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदार को ही निविदा डालने का अधिकार होगा। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जमा करनी होगी। निविदा के साथ 100 रुपए का नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर एंव 100 रुपए के स्टाम्प पर फोटोयुक्त स्व घोषणा शपथ पत्र संलग्न करना होगा। निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 13.01.2025 तक सचिव ग्राम पंचायत से नगद धनराशि जमा कर क्रय की जा सकती है। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित लाख में | धरोहर राशि (लाख में) | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | किशन के घर से राजेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 2.99 | 0.0598 | 300 |
| 2 | बलवन्त के मकान से राजाराम के मकान तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली मरम्मत कार्य | 2.61 | 0.0522 | 300 |
| 3 | मुकेश गिरि के मकान से मन्दिर तक तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 2.42 | 0.0484 | 250 |
| 4 | मेहोर सिंह के मकान से रूपबसंत के मकान तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 3.56 | 0.0712 | 400 |
| 5 | विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण व मरम्मत कार्य | 2.53 | 0.0506 | 300 |
| 6 | लाला के घर से सतवीर के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 4.88 | 0.0976 | 500 |

1. सशर्त निविदाये मान्य नहीं होगी स्वत ही निरस्त कर दी जायेगी व निविदा की वैधता निविदा खुलने से 7 दिन की रहेगी।
2. प्रत्येक कार्य कराने की अवधि 6 माह होगी।
3. निविदा दाता टेण्डर देने से पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण करते बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
4. कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित कराने होंगे। कार्य निरीक्षण के रामग पायी गयी कमियों के लिये ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होगे।
5. निविदा डालने/खोलने के दिनांक को अवकाश होने पर निविदा उसके आगामी दिनांक को डाली/खोली जायेगी।
6. निविदा स्वीकृत होने पर एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध कराना होगा।
7. समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र बुलन्दशहर होगा।
8. बिल का भुगतान नियमानुसार लेबर रोरा, आयकर, जीएसटी आदि की कटौती के बाद किया जायेगा।
9. निविदा कम करने के पूर्व ग्राम पंचायत से रसीद कटवाना अनिवार्य होगा।
10. अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सचिव ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**(मुकेश देवी)**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुतुबपुर वि0ख0 लखावटी
जनपद-बुलन्दशहर

**सचिव**
ग्राम पंचायत कुतुबपुर
वि0ख0 लखावटी
जनपद-बुलन्दशहर

**बधाई** — डॉ अरुण त्यागी को बधाईयों का सिलसिला जारी है

# डॉ.अरुण त्यागी बने खो-खो वर्ल्ड कप की प्रोटोकॉल समिति के प्रभारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**मोदीनगर (अनवर खान)।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 जनवरी से होने वाली खो-खो वर्ल्ड कप 2025 प्रतियोगिता में आयोजक खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा छाया पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी के एग्जीक्यूटिव वीपी डॉ अरुण त्यागी को प्रोटोकॉल समिति का प्रभारी बनाया गया है। जिसके बाद से डॉ अरुण त्यागी को बधाईयों का सिलसिला जारी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ अरुण त्यागी ने बताया कि भारत के पारंपरिक खेल खो-खो को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में इस खेल महोत्सव का बड़ा आयोजन खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 13 जनवरी से किया जा रहा है। 13 से 19 जनवरी तक चलने वाली इस सात दिवसीय विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न देशों की 20 से अधिक टीमें भाग ले रही है। और फेडरेशन द्वारा उन्हें इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की प्रोटोकॉल समिति का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बता दे कि डॉ अरुण त्यागी पूर्व में भी खो-खो एशियन गेम्स में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में अपनी सफल भूमिका निभा चुके हैं।

सीबीएसई खेलों में भी इनका विशेष योगदान रहा है। इसके अतिरिक्त डॉ अरुण त्यागी मोदीनगर क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के लिए सदैव समर्पित रहते हैं और खुद भी एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर शहर के सभी गण मान्य व्यक्तियों द्वारा डॉअरुण त्यागी को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है।

# महाकुंभ के कोषाध्यक्ष बनने पर के के शर्मा ने व्यापारियों को कुंभ आने का दिया न्यौता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष के के शर्मा को महाकुंभ में अहम जिम्मेदारी मिलने पर उनके राष्ट्रीय व्यापार मंडल के गाजियाबाद जिला कार्यालय पर पहुंचने पर शानदार स्वागत अभिनंदन किया गया केके शर्मा ने गाजियाबाद के समक्ष व्यापारियों एवं राष्ट्रीय परमल की समस्त टीम को महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज द्वारा हस्तलिखित पत्र द्वारा आने का न्यौता दिया।राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी विवेक त्यागी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, अनुशासन समिति अध्यक्ष विनीत शर्मा, सलाहकार समिति सदस्य रितेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव, मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल, अशोक भारतीय, आशु शर्मा, समीर शर्मा , संदीप त्यागी रसम, परमानंद सिंघल, अनिल जुल्का, प्रवीण बत्रा, नीता भार्गव, काजल छिब्बर, ज्योति तोमर, उपेन्द्र शिसोदिया, विनीत शर्मा, नीरज त्यागी आदि ने



निमंत्रण पत्र को स्वीकार कर आने का आश्वासन दिया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने बताया कि गाजियाबाद के राजेंद्र नगर साहिबाबाद क्षेत्र निवासी के-के शर्मा को इस बार होने वाले महाकुंभ में बड़ी जिम्मेदारी मिली है उन्हें निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशनंदगिरी ने मुख्य शिविर संस्थापक तथा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है बीते कुछ दिन पहले ही आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशनंद गिरी महाराज राजेंद्र नगर निवास पर उनके परिवार व क्षेत्रवासियों को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इस दौरान राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मंडल की टीम ने भी उनका भव्य स्वागत किया था। इसी से ये कयास लगाए जा रहे थे कि केके शर्मा को इस बार महाकुंभ में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है हालांकि इसकी अनौपचारिक घोषणा उसी दिन उनके निवास भ्रमण पर ही हो गई थी। बताते चलें कि केके शर्मा राष्ट्रीय स्तर पर एक वरिष्ठ व्यापारी नेता हैं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं तथा समाज सेवी कार्यों में उनका बड़ा योगदान रहता है वह निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी के बेहद करीबियों में से हैं इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से राष्ट्रीय व्यापार मंडल, क्षेत्रवासियों और उनके परिवार में खुशी का माहौल है। जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने बताया कि के के शर्मा को अहम जिम्मेदारी तय होने से अब निश्चित रूप से गाजियाबाद क्षेत्र की भागीदारी महाकुंभ में रहने ठहरने स्नान करने में पारदर्शिता व आसानी के साथ होगी।

# किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन जरूरी : एसडीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**छतारी ।** रविवार को शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल छतारी में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक किया है। एसडीएम ने बताया सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए

**एसडीएम ने जन सेवा केंद्र पर पहुंचकर किसानों को किया जागरूक , जनसेवा केंद्र संचालकों दिए आवश्यक निर्देश**

किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो गया है। एसडीएम ने कस्बा छतारी में जनसेवा केंद्रों पर पहुंचकर संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिससे जल्दी से जल्दी किसानों के फार्मर रजिस्ट्रेशन हो सकें। छतारी के आजाद रोड़ स्थित छाया जनसेवा केंद्र स्थित है। रविवार की शाम शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल जनसेवा केंद्र पहुंच गए। जहां उन्होंने जन सेवा केंद्र संचालक से



फार्मर रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी ली। उसी दौरान एसडीएम ने केंद्र पर मौजूद किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा किसान अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र जाकर अपने मोबाइल और आधार कार्ड सहित खतौनी से अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन करा लें। जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे उन किसानों को किसान सम्मान निधि, राशन और अन्य सरकारी योजना का लाभ नही मिलेगा। एसडीएम ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किस जल्द से जल्द अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन करा लें। अन्यथा किसानों को मिलने वाली तमाम सरकारी योजनाएं उन्हें नहीं मिल सकेंगी।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के गणमान्य पदाधिकारियों ने नए राज्य को बनाने के लिए दिल्ली में उनके कार्यालय पर मीटिंग का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पश्चिम प्रदेश निर्माण कार्यक्रम संजीव बालियान (भूतपूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद मुज्जफरनगर) से पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के गणमान्य पदाधिकारियों ने नए राज्य को बनाने के लिए दिल्ली में उनके कार्यालय पर मीटिंग की।
इस मीटिंग में ओ.पी.एस. मलिक (आई.पी.एस. एवं संरक्षक), कर्नल सुधीर चौधरी (महासचिव), ओमवीर सिंह वीरवाल (केंद्रीय संगठन मंत्री हँसवीर सिंह (,उपाध्यक्ष), चमन सिंह (समाजसेवी) आदि मुख्य पदाधिकारियों ने मोर्चा को बढ़ाने और इसे मजबूत बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की साथ ही नए राज्य के निर्माण के लक्ष्य प्राप्ति की लाभदायक योजनाओं को बनाया। सभी सहयोगी संगठनों ने मोर्चा के हर



कार्यक्रम को सफल बनाने का बीड़ा उठाया जिससे की सबके हित में नए राज्य का निर्माण हो। हर मुश्किल से मुश्किल कार्य में सहयोगी संगठनों का साथ रहेगा इस बात पर बालियान जी ने मोर्चा के साथ सहयोग करने का आश्र्वासन दिया।सभी सहयोगी संगठनो से गुजारिश है कि मोर्चा को मजबूती देते रहे और टीम के रूप में संयुक्त रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मण्डल स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता व विशिष्ट अतिथि संजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता ने मुख्य अथिति व विशिष्ट अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया।

मुख्यातिथि सुनील कुमार शर्मा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मानवीय क्षति के बारे में बताते हुए इसके प्रति सचेत रहने व अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के



प्रति जागरूकत करने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के मंडल स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य व सड़क सुरक्षा क्लब को बधाई दी। सड़क सुरक्षा की महाविद्यालय प्रभारी डॉ श्वेता शर्मा ने प्रतियोगिताएं संपन्न करायी। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी तवर ने प्रथम स्थान, अंकुर यादव ने द्वितीय स्थान व चंचल गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युक्ता यादव व गौरी चौहान सांत्वना स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में नेहा कुमारी ने प्रथम स्थान, रीना माथुर ने द्वितीय स्थान व इंशा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साक्षी व ऐश्वर्या सांत्वना स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में आयुष दुबे प्रथम स्थान व सोनू द्वितीय स्थान व तृतीय चंचल गोस्वामी ने प्राप्त किया। सांत्वना स्थान पर साक्षी तिवारी व कशिश रही। समस्त विजेता छात्र-छात्राओं को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। डॉ विनोद कुमार ने मुख्यातिथि सुनील शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट दिया व सड़क सुरक्षा की प्रभारी डॉक्टर श्वेता शर्मा व समिति के अन्य सदस्यों ने विशेष अतिथि संजय श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। निर्णायक मंडल में मेरठ मंडल की राजकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी गौतम व बालकृष्ण रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

# कवि नगर में हुई लूट का खुलासा,कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराएं: डॉ.अतुल जैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधर)।** 2 दिन पूर्व कवि नगर गाजियाबाद में आर.डी. गुप्ता के यहां घरेलू नौकर की मदद से अपराधियों द्वारा की गई लूट का आज गाजियाबाद कमिश्नरेट की पुलिस ने पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में कार्य करते हुए डीसीपी राजेश कुमार और एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता में लूट का खुलासा किया इस बहुत बड़ी लूट का दो दिन के अंदर खुलासा होना गाजियाबाद पुलिस विभाग के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है और बड़ा ही सराहनीय और प्रशंसनीय कार्य है जो कि गाजियाबाद कमिश्नरेट की पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ समस्त टीम के द्वारा किया गया है । उद्यमियों और व्यापारियों में इस घटना के अनावरण होने से विश्वास और मजबूत हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में जिस तरह से कानून प्रशासन में सुधार हुआ है और भय मुक्त वातावरण पैदा हुआ है उससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान पैदा हुआ है। गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नरेट में भी उद्यमी और



व्यापारीगण सुरक्षित महसूस करते हैं, गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन के नेतृत्व में डीसीपी राजेश कुमार और एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव और समस्त टीम को धन्यवाद देते हुए प्रशंसा करके सम्मान किया है साथ ही जनपद वासियों व्यापारियों उद्यमियों और अन्य सभी को आह्वान किया है कि अपने घरों में,प्रतिष्ठानों में, कारखानों में और कार्यालयों में कार्यरत सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करायें ,सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू अवस्था में रहें और अगर कैमरे ना लगे हो तो अच्छी क्वालिटी के कैमरे अवश्य लगवा लें ।
आज के प्रतिनिधि मंडल में डॉ. अतुल कुमार जैन,जयकुमार गुप्ता,अमरीश जैन, सतीश बंसल, दीपक सिंघल, मोहनलाल अग्रवाल और कपिल जैन इत्यादि मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर सोनू पाठक ने किया भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** व्यापारी वरिष्ठ समाजसेवी व श्री जनता आदर्श रामलीला कमेटी जहाँगीराबाद के संरक्षक सोनू पाठक ने अपने जन्मदिन के मौके पर घंटाघर स्थित अपने कार्यालय पर भंडारे का आयोजन किया। भंडारे का शुभारंभ सनातन धर्म का ध्वज उठाने वाले स्वामी दीपंकर महाराज ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी सोनू पाठक को जन्मदिन पर शहर के गणमान्य लोगों, प्रशंसकों और समर्थकों ने बधाई दी। इस आयोजन में शामिल हुए स्वामी दीपांकर महाराज एवं बुलंदशहर के परम देव महाराज ने उन्हें दीघार्यु का आशीर्वाद देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं सोनू पाठक के गुलमोहर एन्क्लेव



निवासी बचपन के मित्र गौरव बंसल ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीघार्यु व सुख समृद्धि की कामना की। सोनू पाठक को जन्मदिन की बधाई देने वालों का उनके कार्यालय पर सुबह से तांता लगा रहा। इस मौके पर बुलंदशहर के स्वामी परम देव जी महाराज, भरत गॉड, समाजसेवी गौरव बंसल, , लव चडढा, राजेश गर्ग , रितेश अग्रवाल, राजकुमार राणा, शोएब सलमानी, मणिकांत शर्मा, नवीन बंसल, जयेश अग्रवाल , सुधीर शर्मा , वतन गौड़, दीपक त्यागी, माधव गौड़, नरेश कुमार के अलावा सैकड़ों लोगों ने भंडारे में प्रसाद वितरण किया। सोनू पाठक ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें परमात्मा की कृपा से सभी लोगों से सदैव अपार स्नेह मिलता है। उन्हें स्नेह करने वालों के वह सदैव ऋणी रहेंगे।

# वैश्य युवक युवतियों एवं समाज के अन्य वर्ग हेतु 80वां मासिक परिचय सम्मेलन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गा वाशिंग पाउडर परिसर, पारस होटल के पीछे, अम्बेडकर रोड, कालकागढ़ी चौक, गाजियाबाद पर विवाह योग्य वैश्य युवक युवतियों एवं समाज के अन्य वर्ग हेतु 80वां मासिक परिचय सम्मेलन प्रेमचंद गुप्ता ;चेयरमैन दुर्गा वाशिंग पाउडरद्ध के सौजन्य से आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष ने सभी प्रत्याशियों, अभिभावको, परिचयकताओं एवं आयोजन में उपस्थित समाजसेवियों व पत्रकार बंधुओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें आने वाले नववर्ष-2025, लोहड़ी, मकर संक्राति एवं आने वाले गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होने कहा कि आप सभी के सहयोग के कारण यह सम्मेलन हर माह सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है एवं आप सभी के सहयोग से प्रत्येक माह 45-50 रजिस्टेज्शन फार्म का सहयोग सदैव मिलता





रहा है तथा 10-12 रिश्ते भी तय हो जाते हैं, इसके लिए उन्होने सभी का धन्यवाद अर्पित किया। समिति द्वारा विवाह योग्य वैश्य युवक युवती हेतु परिचय सम्मेलन के साथ-साथ ब्राह्मण एवं अन्य वर्ग के युवक एवं युवती हेतु भी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। पत्रिका संपादक अनुराग अग्रवाल ने सभी प्रत्याशियों का मंच के माध्यम से पत्रिका वितरण करते हुए बताया कि इस माह परिचय सम्मेलन में 30 नये प्रत्याशियों के पंजीकरण हुए एवं पत्रिका में पूर्व पंजीकृत प्रत्याशियों से सम्पर्क करने पर 14 प्रत्याशियों के वैवाहिक सम्बन्ध तय होने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि समिति के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है, उन्होने कहा कि यह कार्य प्रेमचंद गुप्ता के मार्गदर्शन व सभी पदाधिकारियों एवं अभिभावकों के सहयोग से सम्भव हो पाया है। समारोह में उपस्थित युवती प्रत्याशियों द्वारा मंच पर परिचय देने के उपरांत उन्हें पुरूस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, बुद्व गोपाल गोयल, राकेश मित्तल, रविन्द्र गर्ग, आर पी जैन, सुनीता अग्रवाल, सुन्दरलाल गोयल, अनिल सिंघल, बी एन अग्रवाल, नेहा मित्तल, तथा महेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी नारायण सिंघल, राधारमण अग्रवाल, राजेश गुप्ता आदि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# 21 जनवरी को मनेगा गजप्रस्थ दिवस,भारी संख्या में लोग करेंगे योग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रसम संगठन द्वारा संदीप त्यागी रसम के नेतृत्व में पिछले कई वर्षों से गाजियाबाद का पुराना नाम गजप्रस्थ वापस दिलाने हेतु जन जागरण अभियान चल रहा है इस अभियान में सभी माननीय जनप्रतिनिधि सहित जनसामान्य द्वारा भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है महापौर सुनीता दयाल द्वारा नगर निगम बोर्ड बैठक में नाम परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव रखा गया व भारी समर्थन के साथ निगम गाजियाबाद नाम परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव पारित कर चुका है उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर सुनील शर्मा विधान सभा मे इस विषय को उठा चुके हैं भाजपा महानगर अध्यक्ष विधायक संजीव शर्मा माननीय मुख्य मंत्री को लिखित समर्थन पत्र सौंप चुके हैं हवन श्रंखला व लाखों मिस्ड कॉल एक लाख हस्ताक्षरित समर्थन पत्र 150 से अधिक प्रमुख सामाजिक व्यापारिक संगठनो के समर्थन से





गाजियाबाद नाम वापसी अभियान जन सामान्य की चाहत का विषय बन बन रहा है सामाजिक संगठन रसम द्वारा 21 जनवरी 2025 को गजप्रस्थ दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया गया इसके समर्थन में अनेक संगठनों ने अपना समर्थन व्यक्त करते हुए 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस मनाने का निर्णय किया गया है पतंजलि योग समिति द्वारा भी 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस के रूप मे मनाया जाने का निर्णय किया गया है यह जानकारी योग शिक्षक निरंजन सिंह ने देते हुए घोषणा की है कि पतंजलि योग समिति अपनी सैंकडो योग कक्षाओं में 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस का समर्थन करते हुए भारी संख्या में नागरिको के साथ योग करते हुए अत्याचारियों को सम्मानित करती मानसिकता भारत छोडो अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान का समर्थन करेंगे निवेदक निरंजन सिंह योग शिक्षक 9871311930 पतंजलि योग समिति।

**आयोजन** राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सचिन शर्मा और युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बिन्नू अधाना के साथ समस्त सदस्यों ने छिजारसी ग्राम वासी सोहन लाल शर्मा को राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया

# भारतीय किसान यूनियन (अजगर) द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ किसान बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (सोयब खान)।** रविवार को ग्राम छिजारसी नोएडा सेक्टर-63 में सोहन लाल शर्मा के साथ सैकड़ों की संख्या में समस्त ग्राम वासियों ने भारतीय किसान यूनियन (अजगर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सचिन शर्मा के साथ सभी सम्मानित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया जिसमें की राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सचिन शर्मा और युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बिन्नू अधाना के साथ समस्त सदस्यों ने छिजारसी ग्राम वासी सोहन लाल शर्मा को राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया जिसमें की मंच का संचालन गुड्डू प्रधान और राष्ट्रीय महासचिव शर्मा सिंह यादव जी ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष पं सचिन शर्मा ने कहा कि लगातार संगठन का विस्तार देश भर में किया जा रहा है। किसान, मजदूर और पिछड़े वर्गों से जुड़ी मजबूत आवाजों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा रही है। उसी क्रम में आज सैकड़ो पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। वहीं नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव सोहनलाल शर्मा ने कहा कि मैं संगठन व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभारी हूँ जिन्होंने मुझे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं लग्न, निष्ठा से किसानों के सामने खड़ी समस्याओं, मजदूर और पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य करूँगा (राष्ट्रीय अध्यक्ष) पं. सचिन शर्मा ने किसान आंदोलन और किसानों की समस्याओं का मंथन करते हुए के सभी ग्राम वासियों से ये वादा किया कि किसान यूनियन (अजगर) पूर्ण रूप से सबके साथ है और हर संभव कार्य किसान हित के लिए करते रहेंगे। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष






बिन्नू अधाना जी ने भी किसान आंदोलन को याद दिलाते हुए सबको संगठित रहने की अपील करी एवं उन्होंने किसानों को हो रही परेशानियों और शासन प्रशासन के द्वारा की जा रही जोर जबरजस्ती की साजिशों से बचने का भी आग्रह किया। आज इस प्रोग्राम में गाजियाबाद महानगर की पूरी टीम का नए स्वरूप में गठन किया गया जिसकी जिम्मेदारी अजीत सिंह को सौंपी गई । अजीत सिंह को गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं उनकी टीम के बाकी सदस्यों को उनके कार्यशैली के स्वरूप पद की नियुक्तिया दी गई। इस प्रोग्राम में आज शर्मा सिंह यादव, करण वालिया, रमेश चंद दीवान, बिन्नू अदाना, कुलदीप नागर, सुमित शर्मा सोनू शर्मा धर्मवीर यादव, प्रधान जी, राजेश नगर नितिन पंडित, मनोज गुजर,विकास धामा, कपिल गुर्जर अजीत सिंह, साहिल सरीन,अविनेश कुमार, सचिन शर्मा,पुनीत शर्मा,जितेन्द्र कुमार,शुभम शर्मा, अरुण यादव सनी सिंगर आकाश अग्रवाल, विक्रांत सिंह, मयंक शर्मा,, संजय सिंह, सनी सिंगर एवं अन्य किसान यूनियन के सदस्यों के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में छिजारसी ग्राम वासी मौजूद रहे

# ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश,दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्तों से 15200 रुपये,4 मोबाइल, अवैध असलाह व कार बरामद की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की थाना हापुड़ नगर पुलिस ने लोगों के साथ ठगी करने वाले अंर्तजनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते ठगों को दिल्ली रोड स्थित सीएनजी पंप के निकट से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 15200 रुपये,चार मोबाइल, एक चाकू व घटना में प्रयुक्त होण्डा सिविक कार बरामद की है।



हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 15200 रुपये,चार मोबाइल,एक चाकू व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान में थाना हापुड़ नगर पुलिस ने भोले भाले लोगों को बातों में उलझाकर बैंक से निकाले गये रुपये को ठगने वाले अंर्तजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो शातिर

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम राधे श्याम पुत्र सीताराम निवासी गाजीपुर रोड थाना गाजीपुर जिला पूर्वी दिल्ली व विशाल सागर पुत्र स्व.चन्द्रपाल निवासी भोवापुर थाना कौशांबी जिला गाजियाबाद है।

सीओ ने बताया कि गिरफ्तार शातिर ठगों के खिलाफ जनपद गाजियाबाद व हापुड़ में विभिन्न पुलिस थानों में चोरी, ठगी व आर्म्स एक्ट के एक दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज है।

# हापुड़ चैम्पियन लीग का डीएम,एसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

## उद्घाटन मैच में सुपर ओवर में हापुड़ स्मैशर्स 10 रनों से जीता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की तहसील क्षेत्र के गांव धनौरा में स्थित के-9 स्टेडियम के मैदान पर हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित हापुड़ चैम्पियन लीग का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से फीता

- खेलों के माध्यम से जनपद में छिपी प्रतिभाओं का उजागर होगा:डीएम,एसपी
- एचसीएल के माध्यम से एचपीडीए की योजनाओं का प्रसार प्रचार किया जा रहा है:वीसी
- एचसीएल के सभी मैच प्रत्येक शनिवार व रविवार को आयोजित होंगे

काटकर उद्घाटन किया। पहला मैच सुपर ओवर तक पहुंच गया। जिसमें हापुड़ स्मैशर्स ने 10 रनों से जीत प्राप्त की। मैन ऑफ द मैच राकेश त्यागी को चुना गया।

एचसीएल का उद्घाटन जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने संयुक्त रूप





से फीता काटकर उद्घाटन किया। डीएम व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से कहा कि खेलों के माध्यम से अनुशासन,नेतृत्व क्षमता और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। खेलों से छिपी प्रतिभा भी उजागर होती है। खेल खेलने से शरीर स्वस्थ,मानसिक संतुलन और टीम भावना विकसित होती है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ ने बताया कि एचसीएल के माध्यम से जनपद के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। इस टूनार्मेंट के माध्यम से प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का भी प्रचार प्रचार किया जा रहा है। एचपीडीए के सहायक अभियंता नृपेश सिंह तोमर ने बताया कि हापुड़ चैम्पियन लीग के सभी मैच प्रत्येक शनिवार व रविवार को आयोजित किये जायेंगे। टूनार्मेंट की विजेता टीम को ट्राफी दी जायेगी। गत शनिवार को के-9 स्टेडियम के मैदान में एचसीएल का प्रथम मैच हापुड़ स्मैशर्स व हापुड़ रॉयल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर हापुड़ स्मैशर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 185 रन बनाये,जिसमें एचपीडीए वीसी ने 17 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हापुड़ रॉयल की टीम भी 185 रन बनाकर ढेर हो गयी। मैच का निर्णय करने के लिए सुपर ओवर खेला गया। जिसमें हापुड़ स्मैशर्स ने 20 रन बनाये,जबकि हापुड़ रॉयल दस रन ही बनी सकी। इस प्रकार हापुड़ स्मैशर्स ने मैच में 10 रनों से विजयश्री प्राप्त की।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना: आगामी 30 जनवरी को योजना में चारों ब्लाकों में होंगे सामूहिक विवाह: शिव कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

- योजना को लाभ लेने को 300 से अधिक जोड़ों ने किया आवेदन
- शासन ने वित्तीय वर्ष में 507 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य दिया
- गत 9 दिसंबर को 173 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया था
- एक जोड़े पर खर्च होगी 51 हजार की धनराशि

योजना में शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जनपद में 507 जोड़ों का विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके सापेक्ष 320 जोड़ों ने आन लाइन आवेदन किया है। आगामी 30 जनवरी को जिले के चारों ब्लाकों में सामूहिक विवाह कराये जायेंगे। एक जोड़े पर 51 हजार की धनराशि खर्च की जायेगी। शासन को पत्र भेजकर धनराशि भेजने की मांग की है। गत 9 दिसंबर को 173 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है।





आपको बता दें,कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए सभी वर्गों के 507 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें गत 9 दिसंबर को 173 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जा चुका है। अब 334 जोड़ों का विवाह कराने की प्रक्रिया चल रही है।

विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार की धनराशि खर्च होगी। जिसमें 35 हजार लड़की के खाते में,10 हजार का सामान व 6 हजार रुपये खान पान पर खर्च होंगे। कार्यक्रम में लड़की व लड़के पक्ष से पांच-पांच लोग शामिल होंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शिव कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद को 507 जोड़ों को विवाह कराने का लक्ष्य दिया है। जिसमें गत 9 दिसंबर को 173 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया था। शेष 334 जोड़ों का विवाह कराना शेष है। जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र ब्लाक,शहरी क्षेत्र,नगर पंचायत स्तर पर जोड़े आन लाइन विभाग की वेबसाइट पोर्टल पर आवेदन कर सकते है। योजना का लाभ लेने के लिए अभी तक 320 जोड़ों ने आवेदन किया है। आवेदनों की जांच चल रही है। आगामी 30 जनवरी को जिले के चारों ब्लाकों में सामूहिक विवाह कराये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि विवाह संपन्न कराने के लिए पत्र भेजकर शासन से धनराशि भेजने की मांग की है।

## भाजपा पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं ने सांसद की दीघार्यु की कामना की

# भाजपा सांसद अरुण गोविल को जन्मदिवस की बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,मेरठ।** लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में प्रभु श्रीराम का किरदार निभाने वाले व मेरठ विधायक, पदाधिकारियों व कार्यकताओं आदि ने मेरठ स्थित आवास पर पहुंचकर मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद अरुण गोविल का जन्मदिवस की हार्दिक बधाई दी। विधायक राणा,यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि,सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता,अशोक बबली,जिला उपाध्यक्ष श्यामेन्द्र त्यागी,जिला महामंत्री मोहन सिंह,पुनीत







हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद अरुण गोविल को जन्मदिवस की पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बधाई दी,साथ ही उनकी दीघार्यु की कामना की। रविवार को भाजपा सदर विजयपाल आढ़ती ने केक कटवाकर सांसद को उनके जन्मदिवस की बधाई दी।

बधाई देने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,जिलाध्यक्ष नरेश तोमर,पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश गोयल,प्रफुल्ल सारस्वत,मंडल अध्यक्ष सुनील वर्मा,पवन गर्ग,ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री जीत सैनी,हेमन्त सैनी,राजेश सक्सेना,विवेक गर्ग,राजन वाल्मीकि आदि शामिल थे।

# ग्राम स्वराज योजना को मूर्त रूप देना हम सभी की जिम्मेदारी: बीडीओ रामकुमार शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । उपनिदेशक पंचायत मेरठ मंडल के कुशल निर्देशन में शनिवार को ब्लाक परिसर धौलाना में बीडीओ धौलाना रामकुमार शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सुशासन और आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे पर केंद्रित करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें ब्लाक स्टाफ सहित ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया । जिसमें पी डी आई एवं सतत विकास लक्ष्य का स्थानीयकरण आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई । खंड विकास अधिकारी रामकुमार कुमार शर्मा एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । बीडीओ रामकुमार शर्मा ने समस्त ग्राम प्रधानों को माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के उत्तर प्रदेश





पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य, उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1) (छ)के प्रावधान अनुसार प्रधान को पद से हटाया जाना कग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल किए जाने की जानकारी कमहिला ग्राम प्रधानों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी। पंचायती राज व्यवस्था, संरचना, ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली (ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा की जानकारी), पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) सतत विकास लक्ष्यो का स्थानीयकरण (एलएसडीजी), आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव एवं सुशासन वाला गांव तथा पंचायत की भूमिका आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई । इस दौरान ओमेंद्र कुमार, सपना, नरेंद्र सिंह , दीपक सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी डीपीआरसी हापुड़ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मौके पर मौजूद मुख्य लोगो में सेकेट्री सदर गुरविंदर सिंह, ग्राम प्रधान धौलाना अतीक अहमद, खुशबू पांडेय, ज्योति मिश्रा, बिजेंद्र सिंह, तरुण त्यागी, सेकेट्री देहरा सतवीर यादव, सरनाम सिंह, गोविन्द शिशोदिया, ओमवीर सिंह, निशु, विनोद, राकेश कुमार, आदि मौजूद रहे ।

# पंजाबी सभा समिति रजि.पंजाबी भवन का निर्माण करेगी: संजय डावर

- पंजाबी सभा समिति ने लोहड़ी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया
- सुंदर मुंदीरीए गाने पर पंजाबी समाज ने जमकर नृत्य किया
- लोहड़ी उत्सव में पंजाबी समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गढ़ रोड स्थित मनोहर हेरिटेज में पंजाबी सभा समिति रजि.द्वारा लोहड़ी उत्सव मिलन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पंजाबी समाज ने लोहड़ी उत्सव का जमकर लुत्फ उठाया। लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम में पंजाब से आई गिद्दा पार्टी द्वारा भरपूर डांस किया गया साथ ही लोहड़ी के प्रसिद्ध गाने सुंदर मुंदीरीए,दुल्ला भट्टी वाला गाना गाकर समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुभारंभ गुरुद्वारे के भाई द्वारा अरदास व लोहड़ी जलाकर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेरठ से आए नवीन अरोड़ा व विकास वासुदेवा ने पंजाबी समाज को लोहड़ी की बधाई दी व दोनों अतिथियोंयो का पंजाबी सभा समिति द्वारा शॉल पहनाकर,प्रतीक चिन्ह व तलवार देकर सम्मानित किया गया।

लोहड़ी उत्सव में पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने कहा कि बहुत जल्द पंजाबी सभा समिति पंजाबी समाज के लिए एक जमीन खरीद कर उस पर पंजाबी भवन का निर्माण करेगी। लोहड़ी उत्सव में पंजाबी सभा समिति द्वारा सभा के संरक्षक श्री वेद प्रकाश अरोड़ा,डॉअशोक ग्रोवर,डॉ. मनमोहन कक्कड़,सरदार करम सिंह,डॉ अनूप सिंह,मनोहर लाल दुआ, डॉ.जीवोत्तमा नारंग,धर्मपाल बाटला, अशोक सोढ़ी, डॉ.ओम प्रकाश,सुरेश अरोड़ा,दिवी अंगद सपरा, कु.श्वेता मनचंदा,सीओ सिटी जितेंद्र कुमार को शॉल,









प्रतीक चिन्ह व तलवार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंजाबी सभा समिति के सचिव सरदार सरजीत सिंह चावला,कमलदीप अरोड़ा, उत्सव अध्यक्ष डॉक्टर आनंद प्रकाश,उत्सव सह -चेयरमैन राजेश शर्मा, कपिल मुंजाल हरीश ग्रोवर,सौरभ गाबा, लेखराज अनेजा, कपिल अरोड़ा, ग्याधीश तनेजा,हीरा गाबा, जगदीश माकन,विनोद थापर,हरीश छाबड़ा,विपिन सचदेवा,इंदर भयाना,मुकेश गेरा,नवीन सचदेवा, संजय सेठी, मनोज छाबड़ा,राजेश नारंग नितिन गुलाटी, मानव सचदेवा,सरदार हरविंदर सिंह बाबू, रोहित कालड़ा, अनिल तनेजा, नीटू भसीन,रिंकू मखीजा, कुणाल शर्मा, शैंकी अरोड़ा, मोहित चोपड़ा,यशु ढींगरा आदि उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत कथा

## बैंड बाजों से भव्य कलश यात्रा निकाली,पुष्प वर्षा की

# भाई से रंजिश मत रखो,भाई ही भाई के काम आता है: आचार्य राजीव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थितश्री मां मनसा देवी मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व शहर में विभिन्न मांगों पर बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। जिसमें महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। भव्य कलश यात्रा मैं हापुड़ बैंड एवं

**श्री मंशा देवी मंदिर का प्रांगण फूलों व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया**

संकीर्तन मंडली एवं पूज्य आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज महाराज बग्गी में सवार थे,कलश यात्रा श्री चंडी मंदिर से प्रारंभ होकर मेरठ गेट पुलिस चौकी,कबाड़ी,बाजार,माता मोहल्ला ,कोठी गेट,बुलन्दशहर रोड से होते हुए श्री मनसा देवी मंदिर प्रांगण पर पहुंची। कलश यात्रा में महिला श्रद्धालु मंगल कलश अपने सिर पर रखकर नंगे पांव महाराज की बग्गी के आगे चल रही थी।

कलश यात्रा में भक्त दयानंद प्रजापति की मंडली द्वारा संकीर्तन के दौरान सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किये गये जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने जाम का नृत्य किया इस दौरान मंदिर प्रांगण को फूल बंगला एवं रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया।







श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि भाई धुंधकारी को कथा सुनाइए,जिसके श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिल जाती है। धर्म कर्म मनुष्य को संयमति वेद रीति नीति से करने चाहिए,साथ ही भाई से भाई रंजिश नहीं रखना चाहिए। क्योंकि आखिर में भाई की भाई के काम आता है। इस अवसर पर शिव कुमार मित्तल,महेश तोमर,विजेंद्र कंसल,अनुज मित्तल,खैलेन्द्र सैनी,राकेश माहेश्वरी,सुरेश चंद्र गुप्ता,मनीष अग्रवाल,अजय गर्ग,हनी सैनी, कालीचरण सैनी,मनोज अग्रवाल,मोनू कसरे,सोनू सैनी , सुनील सैनी,लाल राजकिशोर,रितु मित्तल,गीता गुप्ता , दुर्गेश तोमर,नैना गुप्ता,कविता कंसल,हिमानी गुप्ता,हरदोई शर्मा,सोहिल गुप्ता,सरिता गुप्ता,दिनेश कुमार गुप्ता,शुभम गुप्ता,अंशु सिंगल,गुड्डू,अनिकेत,श्री राधे उपस्थित थे।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने पुत्र शिवा कुमार व पुत्र वधू प्रियंका को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। शिवा कुमार व प्रियंका द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**मुकेश कुमार पुत्र बुद्धराम सिंह**
**नि.ग्राम सबली,तहसील**
**व जिला हापुड़**

## name changed

I MOHD ILYAS S/O Mohd Hasim R/o 415 Peerbauddin Hapur UP-245101, I have changed my name from ILIYAS to MOHD ILYAS for All further purposes.

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वर्ष 2015 का पेरिस जलवायु समझौता धरा के तापमान को औद्योगिक चरण के आने के पहले के स्तर से 2030 तक 2 डिग्री सेल्सियस कम करने के लिए हुआ था। चूंकि पृथ्वी की गर्मी बढ़ाते कुल गैसीय उत्सर्जनों में कार्बन डाई ऑक्साइड लगभग 70 प्रतिशत है। अतः ग्लोबल वार्मिंग को 15 डिग्री से ग्रे तक सीमित रखने के लिए 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य भी वैश्विक स्तर पर अपना लिया गया है, परंतु विडंबना है, और कटु यथार्थ भी कि इसे पाने के औजार के रूप में एक ट्रेडिंग गतिविधि को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।इसी क्रम में 10-24 नवम्बर के बीच बाकू में कार्बन बाजार पर अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करना बड़ी उपलब्धि माना गया है। कॉप-29 को तो वित्तीय कॉप भी कहा गया था और कार्बन ट्रेडिंग भी वित्तीय गतिविधि ही है। वायुमंडल में मौजूद कार्बन उत्सर्जनों को हटाने और नये कार्बन उत्सर्जनों को न पहुंचने देना प्रोत्साहित हो इसके लिए 2015 में पेरिस समझौते में स्पष्ट कर दिया गया था कि कार्बन को देशों या संस्थाओं के बीच खरीदा-बेचा जा सकता है। इस लेन-देन को कार्बन क्रेडिट के रूप में परिभाषित कर हस्तांतरणीय दस्तावेज बना कर स्थापित किया गया है। यूनाइटेड नेशंस के क्योटो प्रोटोकोल (1997) और फिर 2005 में कार्बन को खरीदने-बेचने या व्यापार की जा सकने योग्य सामग्री पहले ही करार दिया जा चुका था किंतु पेरिस समझौते के अंतर्गत जो एक नया ज्यादा सुदृढ़ कार्बन ट्रेडिंग फ्रेमवर्क बनाए जाने की आवश्यकता थी, वह शुरूआती हस्ताक्षर के बाद कॉप-29 में हो सका। निस्संदेह इस अधूरे कार्य के रहते भी देशों के भीतर और देशों के बाहर कार्बन ट्रेडिंग हो रही थी किंतु एकरूप मानक न होने तथा पारदर्शिता के अभाव से अनेकों झूठे कार्बन क्रेडिटों का विश्व स्तर पर लेन-देन भी हो रहा था। ऐसे में लाखों और अरबों डॉलर के भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी भी हुई। स्वैच्छिक कार्बन बाजार में सबसे ज्यादा कार्बन क्रेडिट वो हैं जो अवनत वनों के कार्बन अवशोषक के रूप में सुधार, पुर्नस्थापना के लिए दिए जाते हैं। किंतु ये सबसे ज्यादा विवादों में भी रहते हैं। वन स्थितियों की बेसलाइन में छेड़छाड़ से ज्यादा कार्बन ऑफसेट दिखाया जा सकता है। जितना कार्बन हटाने का क्रेडिट लिया था उतना कार्बन डाइअक्साइड तो उससे हटा ही नहीं था।कॉप-29 के पहले 'नेचरइ पत्रिका में ऐसी परियोजनाओं का अध्ययन प्रकाशित हुआ था, जिन्होंने करीब एक अरब टन कार्बन डाई ऑक्साइड के समतुल्य का कार्बन क्रेडिट कमाया था। उसमें से 15 प्रतिशत कार्बन ही कम किया था। अब खराब और अच्छे गुणवत्ता में कार्बन क्रेडिटों का वर्गीकरण या पहचान भी की जा रही है। कार्बन ट्रेडिंग में कार्बन क्रेडिटों के लेन-देन का व्यापार होता है। कार्बन क्रेडिट की एक इकाई एक मीट्रिक टन कार्बन डाइआक्साइड या उसके समतुल्य अन्य ग्रीन हाऊस गैसों को वायुमंडल से हटाने या उनको वायुमंडल में पहुंचने से रोकने पर दी जाती है। कार्बन ऑफसेट में कार्बन डाइआक्साइड या ग्रीन हाऊस गैसों को हटाया या पुनचर्क्रित किया जाता है। जो उद्यम अथवा प्रतिष्ठान उपकरणों, पद्धतियों या टैक्नोलॉजी के बदलावों से अपने कार्बन उत्सर्जन पहले की अपेक्षा कम कर देते हैं तो वे भी कार्बन क्रेडिट्स पाने के हकदार हो जाते हैं। अभी वैश्विक स्तर पर करीब दो अरब डॉलर का स्वैच्छिक कार्बन मार्केट है। यह एक खरब डॉलर तक भी पहुंच सकता है। कार्बन क्रेडिटों का उपयोग ही उन्हें यूरोपीय संघ में निर्यात जारी रखने का पात्र बनाएगा क्योंकि यूरोपीय संघ उन उत्पादों के आयात पर भी कार्बन टैक्स लगाने का मंतव्य जतला चुका है, जो उसके अपने मानकों से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन से उत्पादित हुए हैं।

# फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी : नेहरू युग के प्रतिनिधि फिल्मकार राज कपूर



जवरीमल्ल पारख

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के लगभग दो दशक (1947-64), जिसे नेहरू युग के नाम से पुकारा जाता है, नये सपनों के जगने और उसके मूर्तिमान होने की उम्मीदों के थे। रमेश सहगल के निर्देशन में बनी और राज कपूर के नायकत्व वाली फिल्म 'फिर सुबह होगी' का गीत "वो सुबह कभी तो आयेगीह्व उस दौर की जनभावनाओं को व्यक्त करने वाला गीत था, जिसे साहिर लुधियानवी ने लिखा था और संगीतबद्ध किया था खय्याम ने। आजादी के तत्काल बाद का दौर था। औपनिवेशिक व्यवस्था समाप्त हो चुकी थी, सामंती व्यवस्था पहले ही टूट चुकी थी, लेकिन इन दोनों के अवशेष अब भी मौजूद थे। विभाजन की त्रासदी की छाया धीरे-धीरे सिमट रही थी और एक नया युग करवट ले रहा था। वो सुबह कभी तो आयेगी, वो सुबह कभी तो आयेगी/ इन काली सदियों के सर से, जब रात का आंचल ढलकेगा/ जब दुख के बादल पिघलेंगे, जब सुख का सागर छलकेगा/ जब अम्बर झूम के नाचेगा, जब धरती नगमे गायेगी/ वो सुबह कभी तो आयेगी ।

जिस सुबह की खातिर जुग-जुग से/ हम सब मर-मर कर जीते हैं/ जिस सुबह के अमृत की धुन में, हम जहर के प्याले पीते हैं/ इन भूखी प्यासी रूहों पर, एक दिन तो करम फरमायेगी/ वो सुबह कभी तो आयेगी ह्व माना के अभी तेरे मेरे अरमानों की कीमत कुछ भी नहीं/मिट्टी का भी है कुछ मोल मगर/ इंसानों की कीमत कुछ भी नहीं/ इंसानों की इज्जत जब झूठे सिक्कों में ना तोली जायेगी/ वो सुबह कभी तो आयेगी ।

यह उम्मीद और विश्वास का गीत था, लेकिन इसमें उल्लास और उमंग की भावना नहीं, कहीं गहरी आशंका और पीड़ा का स्वर था। उन्नति और विकास के नये-नये रास्ते खुल रहे थे, लेकिन इसके साथ ही कुछ ऐसा घटित हो रहा था, जो चिंतनीय था, जो भविष्य के प्रति आशंकाएं पैदा कर रहा था। इस दौर के जागरूक फिल्मकारों की फिल्मों में पुराने के खत्म होने, नये के जन्म लेने और नवनिर्माण के साथ उत्पन्न आशावाद और भविष्य के प्रति अनजानी आशंकाओं को अभिव्यक्ति मिल रही थी। व्ही. शांताराम, बिमल राय, महबूब, अमिय चक्रवर्ती, गुरुदत्त, ऋषिकेश मुखर्जी, बी आर चोपड़ा इस दौर के वे फिल्मकार थे, जिन्होंने अपने समय की सच्चाईयों को व्यक्त करने की ईमानदार कोशिश की। भले ही उसके लिए उन्होंने मेलोड्रामाई शैली का प्रयोग किया हो। राज कपूर इन महान फिल्मकारों में से एक थे और उनकी इस दौर की फिल्मों के महत्त्व को उस दौर के परिप्रेक्ष्य में ही समझ जा सकता है।

2024 राज कपूर की जन्म शताब्दी का वर्ष है। इस आलेख में राज कपूर की उन फिल्मों पर विचार किया गया है, जो नेहरू युग के दौरान बनी और प्रदर्शित हुई थीं। इनमें उन फिल्मों पर भी विचार किया गया है, जिनका निर्देशन भले ही उन्होंने न किया हो या जिसमें उन्होंने अभिनय भी न किया हो, लेकिन जिनका निर्माण उनकी प्रोडक्शन कंपनी आर के फिल्म्स ने किया था और जिसके निमार्ता वे स्वयं थे। नेहरू युग के बाद के दौर में भी उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण फिल्में बनायी हैं, उनमें अभिनय किया है या निर्देशन किया है, लेकिन उन पर उस वैचारिकी का वैसा प्रभाव नहीं है, जो नेहरू युग की फिल्मों पर दिखायी देता है। इसलिए इस आलेख में केवल उन फिल्मों पर विचार किया गया है, जिनका निर्माण उन्होंने 1948 से 1960 के दौरान किया था यानी 'आग' से लेकर 'जिस देश में गंगा बहती है' तक।

राज कपूर (1924-1988) ने 11वर्ष की अवस्था में 'इंकलाब' (1935) फिल्म में अभिनय किया था। उसके बाद 1943 में जब उनकी उम्र 19 वर्ष थी, तब उन्होंने 'हमारी बात' फिल्म में काम किया था। लेकिन एक नायक के रूप में उन्होंने 1947 में 'नील कमल'में काम किया। इसी वर्ष अभिनेता के रूप में उनकी तीन और फिल्में (जेल यात्रा, दिल की रानी और चितौड़ विजय) प्रदर्शित हुई थीं। 'नील कमल' प्रसिद्ध लेखक, निमार्ता और निर्देशक केदार शर्मा की फिल्म थी, जिसमें मधुबाला ने नायिका की भूमिका निभायी थी। यह अभिनेता के तौर पर राज कपूर की पहली उल्लेखनीय फिल्म थी। लेकिन जल्दी ही उन्होंने फिल्म निर्माण की ओर भी कदम उठा लिया। इससे पहले वे केदार शर्मा के साथ छोटे-मोटे काम करने लगे थे। लेकिन इसने उन्हें फिल्म निर्माण के लगभग सभी क्षेत्रों को नजदीक से देखने-समझने का अवसर दिया। वैसे फिल्मों का संसार राज कपूर के लिए अपरिचित नहीं था। उनके पिताजी पृथ्वीराज कपूर (1906-1972) एक प्रतिष्ठित अभिनेता थे और नाटकों में भी काम करते थे। पृथ्वीराज कपूर की ह्यपृथ्वी थियेटर्सह्व (1944 में स्थापित) के नाम से अपनी नाट्य कंपनी भी थी, जो काफी लोकप्रिय थी और विभिन्न शहरों में जाकर नाटक खेला करती थी। पृथ्वीराज कपूर ने नाटक में अभिनय करना लायलपुर और पेशावर में ही शुरू कर दिया था। 1928 में वे मुंबई आ गये और उन्होंने फिल्मों में छोटी-मोटी भूमिकाएं निभानी शुरू कीं। 1930 में 'सिनेमा गर्ल' में उन्होंने मुख्य भूमिका निभायी और उसके बाद वे लगातार एक अभिनेता के रूप में आगे बढ़ते गये। अपने पिता का प्रभाव राज कपूर पर पड़ना स्वाभाविक था। लेकिन वे अपने को अभिनय तक ही सीमित नहीं रखना चाहते थे। वे फिल्म के निर्माण और निर्देशन के क्षेत्र में भी प्रवेश करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने आर. के. फिल्म्स नाम से अपनी निर्माण कंपनी स्थापित की और उसके बैनर तले पहली फिल्म 'आग' बनायी, जो 1948 में प्रदर्शित की गयी, जब वे केवल चौबीस वर्ष के थे।




'आग' में राज कपूर ने मुख्य भूमिका भी निभायी थी और निर्देशन भी किया था।

राज कपूर ने अभिनेता के रूप में 68 फिल्मों में काम किया था, जिसमें स्वयं उनके प्रोडक्शन की दस फिल्में थीं, जिनमें से 8 फिल्मों में उन्होंने नायक की भूमिका निभायी थी। लेकिन उनमें से दो फिल्मों का निर्देशन उन्होंने नहीं किया था। 'जागते रहो' (1956), जो उनकी अपनी प्रोडक्शन की फिल्म थी, उसमें राज कपूर ने मुख्य भूमिका निभायी थी, लेकिन उसका निर्देशन बंगाल के प्रख्यात रंग निर्देशक शंभु मित्रा और अमित मित्रा ने किया था। इसी तरह 'जिस देश में गंगा बहती है' (1960) भी उनकी प्रोडक्शन की फिल्म थी, लेकिन इस फिल्म का निर्देशन भी राधु करमाकर ने किया था, जो उनकी अधिकतर फिल्मों के सिनेमेटोग्राफर थे। राज कपूर ने अपने प्रोडक्शन की 17 में से दस फिल्मों का ही निर्देशन किया था। 'बूट पालिश' (निर्देशन : प्रकाश अरोड़ा), 'अब दिल्ली दूर नहीं' (निर्देशन : अमर कुमार), 'कल, आज और कल' (निर्देशन : रणधीर कपूर), 'धरम-करम (निर्देशन : रणधीर कपूर) उनके प्रोडक्शन की अन्य चार फिल्में हैं, जिनका निर्देशन उन्होंने नहीं किया था।

निमार्ता और निर्देशक के रूप में राजकपूर की पहली फिल्म 'आग' थी, जो 1948 में प्रदर्शित हुई थी और अंतिम फिल्म 'राम तेरी गंगा मैली' थी, जो 1985 में प्रदर्शित हुई थी। इस तरह निर्माण और निर्देशन के क्षेत्र में वे 37 साल सक्रिय रहे। उनकी सर्वाधिक उल्लेखनीय फिल्में 1970 तक की हैं, जब उन्होंने अपनी अत्यंत महत्त्वाकांक्षी फिल्म 'मेरा नाम जोकर' बनायी थी और जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल रही थी। लेकिन वैचारिक दृष्टि से उनकी उल्लेखनीय फिल्में 'आग (1948) से लेकर ' जिस देश में गंगा बहती है' (1960) को माना जा सकता है। इस दौर की अन्य उल्लेखनीय फिल्में हैं : बरसात (1949), आवारा (1951), बूट पालिश (1954), श्री 420 (1955), जागते रहो (1956), अब दिल्ली दूर नहीं (1957) – ये सभी श्वेत-श्याम फिल्में हैं। इन आठ फिल्मों में से चार फिल्मों का निर्देशन उन्होंने नहीं किया था। इनमें से दो फिल्में (बूट पालिश और अब दिल्ली दूर नहीं) गरीब बच्चों पर केंद्रित हैं। 'बूट पालिश' के एक दृश्य में राज कपूर नजर आते हैं, जबकि 'अब दिल्ली दूर नहीं' में तो वे फिल्म के एक भी फ्रेम में नहीं है। लेकिन ये सभी फिल्में उस दौर के उनके वैचारिक झुकाव को जरूर दिखाती हैं और निर्देशक जो भी रहा हो, उस दौर की उनकी फिल्मों के कथ्य और शिल्प दोनों में राज कपूर की शैली का असर देखा जा सकता है। उनकी पहली दो फिल्मों का संबंध मध्यवर्ग से है और 'संगम' और उसके बाद बनने वाली उनके प्रोडक्शन की सभी फिल्मों का संबंध भी मध्यवर्ग या उच्च मध्यवर्ग से है। लेकिन आवारा, बूट पालिश, श्री 420, जागते रहो, अब दिल्ली दूर नहीं और जिस देश में गंगा बहती है आदि फिल्मों का संबंध गरीब और निम्न-मध्यवर्ग के जीवन संघर्षों से है। ऐसा नहीं है कि इन फिल्मों में मध्यवर्ग या उच्चवर्ग अनुपस्थित हैं। इन फिल्मों में उनकी भी उपस्थिति हैं, लेकिन इनके माध्यम से समाज में जो वर्ग-संघर्ष चल रहा था, उसी की अभिव्यक्ति इन फिल्मों के माध्यम से हुई है।

### आग (1948)

हिंदी सिनेमा में राज कपूर की पहचान एक शोमैन के रूप में ज्यादा है। इसकी वजह उनकी बाद की फिल्में हैं, जबकि उनकी आरंभिक फिल्मों की पहचान इस रूप में नहीं की जा सकती। आजादी हासिल होने के साथ ही राज कपूर की निमार्ता और निर्देशक के रूप में केरियर की शुरूआत हो गयी थी। एक निमार्ता और निर्देशक के रूप में 'आग' उनकी पहली फिल्म थी, जो देश की आजादी के एक साल बाद ही प्रदर्शित हो गयी थी।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# भौतिकवाद का परचम, अदृश्य नैतिक सिद्धांत, (संयम के साथ सच का साथ दीजिए)



संजीव ठाकुर

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है' और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है

परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं ।

## सोमवार का राशिफल

**मेष**: घर में लोगों की जरुरतों का ध्यान रखें, संतान सरकारी सेवा के लिए तैयारी करेगी, कृषि कार्य में थोड़ा नुकसान सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-59

**वृषभ**: मित्र संबंधों में सुधार होगा, पेंट, फर्नीचर कार्य में थोड़ी परेशानी होगी, निवेश की रूपरेखा बना सकते है। भाग्य प्रतिशत-55

**मिथुन**: घर में बड़ों की अधिक चलेगी, एजेंट है या ठेके पर कार्य करते है तो कस्टमर से कार्य मिलेगा,वाणी द्वारा कार्य बनेंगे। भाग्य प्रतिशत-63

**कर्क**: नौकरी का इंटरव्यू सफल रहेगा, जिम्मेदारी बढ़ेगी, सरकारी अधिकारी की लोकप्रियता बढ़ेगी, वन विभाग के लोगों का कार्य बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-60

**सिंह**: प्लॉट खरीद में धोखा सम्भव है, कार्य व्यवसाय शुरू करने में जल्दबाजी ना करें, दहेज सम्बन्धी विवाद केस में बदल सकता है, क्राइम रिपोर्टर उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

**कन्या**: करियर की अटकलें अब दूर होंगी, उल्टे सीधे निवेश से बचे, नौकरी करना उत्तम रहेगा, स्वयं की उलझन सोच से बचे। भाग्य प्रतिशत-56

**तुला**: एक साथ कोई दूसरा कार्य आरंभ कर सकते है,सम्पत्ति में निवेश ना करें, फर्निशिंग कार्य, केटरिंग हलवाई कार्य लाभ देगा। भाग्य प्रतिशत-69

**वृश्चिक**: लोकप्रियता बढ़ेगी, मीडिया में राइटिंग करते है तो उन्नती करेंगे, किसी व्यक्ति का जीवन में आगमन सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-71

**धनु**: संतान प्राप्ति का योग है, कार्य को सेटल करने में खर्चा बढ़ेगा, डिप्रेशन है तो गंभीरता से ले। भाग्य प्रतिशत-65

**मकर**: वाणी सम्बन्धित, मैग्जीन, प्रोमोशन, समान डिलिवरी कार्य लाभ देगा, अनावश्यक टेंशन ना ले, पत्नी के परिवार से बरताव अच्छा रखें। भाग्य प्रतिशत-71

**कुंभ**: रोग से परेशान रहेंगे, कार्य करते समय आत्मविश्वास बनाए रखें, दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है, शिक्षा का लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-55

**मीन**: किताब,प्रिंटिंग कार्य में समान खराब ना हो ध्यान रखें, शोधार्थी है तो दिन व्यस्त रहेगा, गैस, पेट रोग, एसिडिटी ना हो तो अच्छा भोजन ले। भाग्य प्रतिशत-51



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# बालकों से पहले अभिभावक समझें संस्कारों की अहमियत



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के आधुनिक दुनिया की वास्तविकता है कि दुर्भाग्य से अभिभावकों का व्यवहार ही बच्चों को नकारात्मकता की ओर धकेल रहा हैं। बच्चों में चिड़चिड़ापन, जिद, अनुचित व्यवहार के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तो लगातार बढ़ ही रही हैं, जन्म के समय बच्चों का अपर्याप्त विकास, कुपोषण, विकलांगता जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आधुनिकता के नाम पर हम अपनी अच्छी बातें, संस्कार, विचार भूल गए हैं और बुरी बातों में लगकर जीवन को कठिन बना लिया है। अनेक माता-पिता या घर के बड़ों को यह भी नहीं पता कि उन्हें बच्चों के सामने कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसी कारण परिवार, समाज, देश और दुनिया में समस्याओं का पहाड़ खड़ा हो रहा है। बच्चे रोते हैं, इसलिए उन्हें मोबाइल फोन की आदत लगा दी जाती है, बच्चे जिद करते हैं इसलिए उन्हें जंक फूड खिलाया जाता है। बच्चों के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह वस्तुएं, खाद्यपदार्थ भी बड़े प्यार से मुहैया करायी जाती हैं और अभिभावक ही कहते हैं, कि आज की पीढ़ी बहुत बिगड़ गई है, मां-बाप की बात बिल्कुल नहीं सुनते। हम संस्कारहीन, संवेदनहीन, नैतिकताहीन, स्वार्थी समाज के अभिन्न अंग है। इस साल शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर एक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तौर पर छोटी बच्चियों के नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। वह वीडियो देखकर हैरानी हुई, 6-7 साल की शालेय लड़कियां फिल्मी गाने पर डांस कर रही थीं, फिल्मी अभिनेत्री की तरह आधुनिक वेशभूषा धारण कर ये नन्ही बच्चियां शिक्षा के उस मंदिर में नाच रही थीं और गा रही थी कि "आज की रात मजा हुस्न का, आँखों से लीजिये"। शिक्षकों के सम्मानार्थ शिक्षक दिवस मनाया जाता है, वहां ये छोटी-छोटी लड़कियां नृत्यकला का कौन-सा प्रदर्शन कर रही है, उस स्कूल के शिक्षकों और उन बच्चियों के अभिभावकों के बारे में क्या कहें? जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। आज की आधुनिक पीढ़ी हमारे देश के महान समाज सुधारक, वैज्ञानिक, महान क्रांतिकारी देशभक्तों के बारे में जानती हो या नहीं, लेकिन उन्हें रील, फैशन, फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानकारी होती है। यहां तक कि बच्चों के रोल मॉडल भी देश के लिए जान न्योछावर करनेवाले वीर सैनिक, संघर्षरत समाज सुधारक नहीं, बल्कि फिल्मी नायक-नायिकाएं हैं। क्योंकि बच्चों को पसंद आने वाली ऐसी मनोरंजक जानकारी उन्हें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

आजकल संयुक्त परिवार अलग होकर छोटे परिवारों में विभक्त होते जा रहे हैं। अधिकांश परिवारों में, माता-पिता के पास अपने बच्चों की देखभाल के लिए समय नहीं होता है। बच्चे अपना समय कहाँ बिताते हैं, उनकी दिनचर्या क्या होती है, बच्चे कितना पैसा कहाँ खर्च करते है, अधिकांश अभिभावकों को यह भी पता नहीं होता। बच्चे जैसा कहते हैं माता-पिता वैसा ही विश्वास करते हैं। बहुत बार बच्चों पर अतिविश्वास और अति लाड-प्यार भविष्य में परिवार, समाज, देश के लिए बहुत महंगा पड़ता है। आजकल बच्चों में आपराधिक प्रवृत्ति काफी बढ़ गई है, वे छोटी-छोटी बातों पर उग्र हो जाते है, नशा करते है, हथियार रखते है, गिरोह बनाकर घूमते हैं। छोटी-छोटी बात पर लड़ने तैयार हो जाते है। गालीगलौच, छींटाकशी और अभद्र भाषा का प्रयोग तो ऐसे करते है, कि चाहे कितनी भी महंगी शिक्षा क्यों न दी जाए, उन्हें उचित मोड़ नहीं मिलता है। अक्सर खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती हैं कि नाबालिग गंभीर अपराधों में शामिल हैं। हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, जानलेवा हमले करने वाले कई गिरोहों में नाबालिग भी होते हैं। जिद पूरी न होने पर कुछ लड़कियां और लड़के अपने माता-पिता की जान लेने से भी नहीं डरते, अपनी मनमानी पूरी न होने पर वे हिंसक हो जाते है, ये बच्चे अपराधी बनकर पैदा नहीं होते, माता-पिता की गैरजिम्मेदारी और लापरवाही के कारण अपराधी बनकर पूरे समाज के लिए घातक बन जाते हैं।

अधिकतर नवदम्पत्ति महिलाओं को घर पर भोजन बनाना पसंद नहीं है, इसलिए हमेशा स्वादिष्ट भोजन के लिए होटल जाना पड़ता है। शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे सेहत हमेशा खराब रहती है, बच्चों को भी बाहर खाने की आदत लग जाती है। बच्चों को अपना अच्छा-बुरा पता नहीं होता, लेकिन अभिभावक भी बच्चों पर अंकुश नहीं लगाते, उलटे उन्हें बिगाड़ देते हैं। अक्सर माता-पिता घर में बड़े-बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, लेकिन वही माता-पिता अपने बच्चों से आदर्श चरित्र की उम्मीद करते हैं। हमारे सभ्य समाज में शायद ही देखने-सुनने मिलता है कि शादी से पहले बेटे अपने परिवार से विभक्त हो गए है या उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों, अभिभावकों को वृद्धाश्रम में छोड़ दिया है, लेकिन शादी के बाद घर परिवार से विभक्त होना अब तो आम बात हो गयी है। जब यह असहाय बुजुर्ग व्यक्ति जीवन के अंतिम पड़ाव में कमजोर शरीर के साथ जिंदगी की जद्दोजहद से जूझ रहे होते है, उसी वक्त उन्हें अपनों के सहारे की सबसे ज्यादा जरुरत होती है और उसी वक्त अपने उनका साथ छोड़ देते है।

आज के आधुनिक परिवेश में जहां सुख-सुविधाएं तो बहुत हैं, लेकिन इस आधुनिकता में मनुष्य ने अपनी खुशी, शांति, समाधान, स्वाभाविकता, भोलापन खो दिया है। मनुष्य इतने निचले स्तर पर चला गया है कि कई बार लोगों के स्वार्थ को देखकर ऐसा लगता है कि इनसे बेहतर तो पशु-पक्षी हैं, जो अपने लाभ के लिये दूसरों की जिंदगिया तबाह नहीं करते। फैशन और आधुनिक जीवनशैली के चक्कर में हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। अपराध, भ्रष्टाचार, पद और सत्ता का दुरुपयोग, प्रदूषण, मिलावट, हर जगह राजनीतिक हस्तक्षेप, अश्लीलता, झूठ, दिखावे, भेदभाव, धोखाधड़ी, नशाखोरी, लालच, असभ्य व्यवहार, ईर्ष्या के इस प्रदूषित वातावरण में मन की शांति प्राप्त करना एक भ्रम है।

कई माता-पिता अपने बच्चों की आवश्यक जरूरतों और उनकी जिद के बीच के अंतर को नहीं समझते। बचपन से ही महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड रिलेशनशिप का चलन, तनाव, आधुनिकता, झूठा दिखावा, फिल्में और बच्चों के दिमाग पर सोशल मीडिया के बुरे प्रभाव ने उनमे गलत काम के प्रति आकर्षण बढ़ाकर उनके जीवन में जहर घोल दिया है।

# पुलिस की सूझबूझ से डॉक्टर को साइबर अपराधियों के चंगुल से बचाया, 50 लाख रुपये सुरक्षित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ( आशू बेग )** । साइबर अपराधों की नई और खतरनाक रणनीतियां लगातार लोगों को निशाना बना रही हैं, लेकिन बरेली की पुलिस ने अपनी तेज कार्रवाई और सूझबूझ से एक डॉक्टर की जिंदगी और उनकी मेहनत की कमाई को बचाने में बड़ी कामयाबी हासिल की। "डिजिटल अरेस्ट" नामक साइबर अपराध की एक खतरनाक चाल का शिकार बने डॉक्टर नजबुल हसन को थाना बारादरी पुलिस ने न केवल सुरक्षित बचाया, बल्कि उनके बैंक खाते से 50 लाख रुपये की ठगी को भी विफल कर दिया।

**घटना की शुरूआत**

शनिवार को डॉक्टर नजबुल हसन, जो बरेली के सूफीटोला इलाके में अपनी डिस्पेंसरी चलाते हैं, अचानक लापता हो गए। उनके भतीजे इमरान खान ने पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक को इस घटना की जानकारी दी। डॉक्टर का फोन बंद होने और संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि डॉक्टर को एक फोन कॉल आया था, जिसमें उन्हें बताया गया कि उनका आधार कार्ड हवाला कारोबार में इस्तेमाल हो रहा है। कॉल करने वाले अपराधियों ने उन्हें धमकाया कि यदि वे इससे बचना चाहते हैं, तो तुरंत अपने बैंक दस्तावेजों के साथ किसी होटल में शिफ्ट हो जाएं और किसी को भी इसकी जानकारी न दें।



**पुलिस की तत्परता और कार्रवाई**

पुलिस ने तुरंत डॉक्टर के फोन की लोकेशन ट्रेस की, जो पीलीभीत बाईपास स्थित होटल कंट्री इन पर मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि डॉक्टर ने होटल का कमरा बुक किया था और दरवाजा अंदर से बंद था।

पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए आग लगने की अफवाह फैलाई, जिससे डॉक्टर ने घबराकर दरवाजा खोल दिया। कमरे के अंदर डॉक्टर को अपराधियों द्वारा निर्देशित किया जा रहा था कि वे किसी से बात न करें।

**बड़ी ठगी से बचाव**

डॉक्टर नजबुल हसन ने बताया कि अपराधियों ने उनसे उनके बैंक खातों की जानकारी ले ली थी और वे अब डिजिटल कोड और आईएफसी कोड मांग रहे थे। लेकिन पुलिस ने समय पर उनकी योजना को विफल कर दिया और डॉक्टर के खाते में जमा 50 लाख रुपये को सुरक्षित रखा।

**साइबर अपराधों से सतर्कता की जरूरत**

इस घटना ने साइबर अपराधियों की नई और खतरनाक चालों को उजागर किया है। बरेली पुलिस ने आम जनता को आगाह किया कि वे किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर तुरंत सतर्क हों और निजी जानकारी साझा करने से बचें।

**पुलिस की तारीफ और प्रेरणा**

डॉक्टर और उनके परिवार ने बरेली पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया। पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक और थाना बारादरी पुलिस की सूझबूझ ने बड़ी ठगी और संभावित नुकसान से न केवल एक परिवार को बचाया, बल्कि यह घटना पूरे समाज के लिए एक चेतावनी और प्रेरणा भी बन गई।

**बरेली पुलिस का संदेश:**

किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। तुरंत पुलिस को सूचित करें। साइबर अपराधों के प्रति सतर्क और जागरूक रहें। बरेली पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने साबित किया कि सतर्कता और तत्परता से बड़े से बड़े अपराध को रोका जा सकता है। यह घटना जनता को सतर्क रहने और साइबर अपराधियों के मनोवैज्ञानिक जाल में न फंसने की सिख देती है।

# किसानो की समस्याओं को लेकर लखनऊ मंडल के सबसे प्रभावशाली किसान नेता से सद्दाम खान ने की मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ( सद्दाम खान )।** किसानो की बढ़ती समस्याऐ जैसे सभी फसलों पर एमएसपी दूध पर एमएसपी जंगली पशुओं से छुटकारा कैसे मिले लखनऊ मंडल के सबसे लोकप्रिय किसान नेता व किसान मजदूर एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शकील अहमद से उनके लखनऊ स्थित कार्यालय पर जाकर बरेली के भिण्डौरा गांव के युवा किसान सद्दाम खान ने मुलाकात कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष



शकील अहमद ने कहा आज सबसे ज्यादा जरूरत है किसानो को एकजुट होने की और हमारे संगठन का यही उद्देश्य है किसान एकजुट हो और 2027मे वढमें किसानो की सरकार बने तभी किसान को उसका पूरा हक मिलेगा हम सभी जिलो मे जाकर किसानो को एकजुट करने का काम कर रहे है।

# विशाल पदयात्रा की तैयारियों को लेकर की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी )।** विशाल पद यात्रा की तैयारियों को लेकर हिंदू रक्षा दल के जिला प्रभारी ने कार्यकताओं के साथ बैठक की।



जिला प्रभारी रविंद्र शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम का मंदिर का एक साल पूरा होने जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक हिंदू संगठनों के साथ मिलकर गांव खेड़ा के प्राचीन शिव मंदिर से लेकर गढ़मुक्तेश्वर तक विशाल पद यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि पद यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म को एक साथ लेकर चलने का है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मोहित उपाध्याय, पवन राघव, विशाल त्यागी, मनीष, महेश सैनी, प्रदीप राणा, देवराज, ललित शर्मा आदि मौजूद रहें।

# 10 दिन से लापता युवक का नहीं चला कोई पता, गुमशुदी दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में रहने वाले सोनू का पिछले 10 दिन से कुछ अता पता नही चल रहा है जिसके बाद परिजनों ने कोतवाली पहुँचकर गुमशुदगी दर्ज करवाते हुए पुलिस से तलाश की गुहार लगाई है।



जानकारी के मुताबिक ग्राम गालंद निवासी राजू ने कोतवाली पहुँचकर गुमशुदगी की तहरीर देते हुए बताया कि मेरा छोटा भाई सोनू जिसकी उम्र 26 वर्ष है वह दो जनवरी की दोपहर घर से बाहर निकला था लेकिन अब 10 दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नही मिल पा रहा है। परिवार के लोगो ने सभी जगह देख लिया लेकिन कुछ पता नही चल सका है। अनहोनी की आशंका जताते हुए परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर देते हुए उसे तलाशने की गुहार लगाई है। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सोनू की तलाश में जुट गई है। जल्द ही सोनू को तलाश कर उसे उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# जुबैर खान ने महानगर अध्यक्ष पद की दवेदारी के लिए ठोकी ताल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ( सददाम खान )।** कांग्रेस पार्टी में इस समय जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष पद के लिए चयन होना है जिला अध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के पद के लिए सभी नेता अपनी अपनी गोटी फिट करने में लगे हुए हैं कल इसी क्रम में बरेली से तमाम सम्मानित कांग्रेस नेता लखनऊ में अपनी अपनी दावेदारी करने पहुंचे हाजी जुबेर खान ने बताया वह कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही हैं महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है पार्टी नेतृत्व की तरफ से जो जिम्मेदारी मिलेगी वह स्वीकार होगी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है और करते रहेंगे जुबेर खान इस समय 123 बिथरी चैनपुर विधानसभा के प्रभारी है इस मौके पर राज शार्मा अजय शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष दतराम गंगवार सद्दाम खान नौशाद अली खान आदि अनेक लोग मौजूद रहे।



# एसएसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह करने वाले गुलफाम की मौत, विधायक और कोतवाल पर लगाए थे इल्जाम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं ।** एक जनवरी को बदायूं एसएसपी दफ्तर में खुद को आग लगाने वाले बदायूं के मोहल्ला नई सराय निवासी गुलफाम की भोजीपुरा के मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। घटना के बाद से ही गुलफाम का यहां उपचार चल रहा था। पत्नी से उसकी मुकदमेबाजी चल रही थी।

घटना के बाद उसने बदायूं शहर से भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पुलिस को कॉल करके आरोपियों पर कार्रवाई न करने को कहा था। सीओ सिटी ने उसे डोडा में जेल भेजने की धमकी दी। बदायूं कोतवाल पर भी दूसरे पक्ष से मिलीभगत का आरोप लगाया था। अब रविवार सुबह गुलफाम की मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस लाया गया है। यहां उसके परिवार का कोई सदस्य नहीं है। पुलिस जल्दी पोस्टमार्टम कराकर शव ले जाना चाहती है और किसी से बात नहीं कर रही है।



**विधायक और एसएसपी ने दी थी सफाई**

उस वक़्त आरोपों में घिरे भाजपा के नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि मैं तो उस युवक को जानता भी नहीं हूं। मुझे जानकारी मिली थी। उसके बाद मैंने पुलिस से पता किया तो पता चला कि वह पहले भी आत्मदाह का प्रयास कर चुका हैं। उसका पत्नी से विवाद चल रहा है।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया था कि युवक का ससुरालियों से दो साल से विवाद चल रहा है। इस मामले में कोतवाली, सिविल लाइंस और मुजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज है। दो दिन पहले इसके खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उसी तनाव में युवक ने खुद को आग के हवाले कर दिया। हालांकि एसएसपी ने कोतवाल को निलंबित कर दिया था।

# नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स ने किया नि:शुल्क रक्त जाँच शिविर का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी )।** नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ कम्पनी के चीफ फाइनेंस अधिकारी विकास अग्रवाल व ट्रस्ट की सचिव पूनम सिंह परिहार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कैंप में विकास अग्रवाल ने बताया कि कम्पनी द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सामाजिक कार्य कर आम लोगो को स्वस्थ सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता है। इस शिविर के अलावा भी अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग किया जा रहा हैं। चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट की सचिव पूनम सिंह परिहार ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी व्यस्त जीवन मे व्यक्ति अपने परिवार के पालन पोषण में व्यस्त रहने के कारण खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान नही दे पाता है। तथा छोटी छोटी बीमारियों की तरफ ध्यान ना देने के कारण किसी ना किसी बीमारी से ग्रस्त हो जाता हैं। आमजन की इसी समस्या को देखते हुए इस तरह के जाँच शिविरों का निःशुल्क आयोजन कर शरीर के अंदर की बीमारियों का पता लगाकर उन्हें बीमारियों के हिसाब से उपचार दिया जाता है। ट्रस्ट के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि इस शिविर में रक्त के द्वारा लिवर, किडनी फंक्शन, थाइराइड, शुगर, यूरिन, विटामिन्स व हृदय रोग की जाँच की गयीं। परियोजना समन्वयक सुमित कुमार ने बताया कि नॉर्दर्न व चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा समय समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। शिविर में ओनक्यूस्ट लेबोरेट्री की टीम द्वारा रक्त के नमूने लिए गये। तथा कुल 207 लोगों ने अपने रक्त का नमूना दिया। जिनकी रिपोर्ट आने पर जरूरत के आधार पर दवाईयां दी जाएंगी।




इस शिविर में नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के एचआर मैनेजर नीरज शर्मा, मधुर जैन,अनुराग राठौर, पुष्पराज व आशिष अग्रवाल मौजूद रहे।

# महाकाल इलेवन ने 17 रनो से की फाइनल में जीत लिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** रविवार को नगर की हनुमान ग्राउंड पर चल रही क्रिकेट टूनामेंट मैच में फाइनल मैच कृष्णा इलेवन और महाकाल इलेवन के बीच खेला गया । टॉस कृष्णा




इलेवन ने जीता ओर बोलिंग का निर्णय लिया । टॉस हार कर बैटिंग करने उतरी महाकाल इलेवन की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 143 रन बनाये ।महाकाल इलेवन की ओर से मयंक 39 , अंकुर ठाकुर 33 और अनमोल 24 रन का योगदान दिया ।कृष्णा इलेवन की ओर रजत राज 2 , अक्कू 2 और साहिवे आलम 2 विकेट लिए ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा इलेवन की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट 124 रन बना पायी । कृष्णा इलेवन की ओर से शिवम गुप्ता 21,वैभव कृष्णा 21 और साहिवे आलम 17 रन बनाये ।महाकाल इलेवन की ओर से अंकुर ठाकुर 3 विकेट ,जीशान नबी 2 विकेट और अमन ठाकुर ने 1 विकेट लिया ।महाकाल इलेवन ने 17 रन से फाइनल जीत लिया ।आज के मैन ऑफ द मैच अंकुर ठाकुर को संगीता भार्गव जी ने दिया ।आज के मैच के अंपायर बॉबी यादव और कृष्णा यादव रहे विजेता टीम को आयोजक कमेटी द्वारा 51 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी दी गयी व उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी श्री सुशील कुमार लच्छी जी द्वारा दी गई आज के स्कोरर माधव मिश्रा , प्रियांशु यादव कमेंटेटर पुलेन्द्र यादव और निर्दोष यादव रहे आज के मैच के दौरान कपिल गुप्ता,अनिल कपूर ,पुनीत शर्मा ,रामभलब रावत ,कुश रावत ,संचित अग्रवाल ,बॉबी यादव मनोज माली ,विकास माथुर ,मिलन यादव ,अभय यादव ,चंदन माली , मुकेश मैया, कमलकांत ,मुकेश मैया ,तुषार ,प्रियांशु यादव ,सूर्यकांत ,खुशनूर खान , कृष्णा यादव , हरिओम यादव ,प्रहलाद यादव आदि मौजूद रहे ।

# मासूम बच्चे के लापता होने पर परिवार में मचा हड़कंप, मामला पहुंचा थाने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मासूम बच्चे के लापता होने पर परिवार में मचा हड़कंप, काफी ढूंढने के बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चला और मामला पहुंचा थाने।



घटनाक्रम के अनुसार नगर के मोहल्ला रस्तोगी बड़े महादेव के रहने वाले मुकेश कुमार पुत्र रमेश चंद का 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस जोकि बीते शनिवार की सुबह लगभग 11बजे करीब घर के बाहर से गायब हो गया। जिसका अभी तक कोई पता नहीं चला जिससे परिवार के लोग सदमे में हैं। काफी ढूंढने के बाद जब मासूम का कोई पता नहीं चला तो परिवार के लोगों ने थाने में तहरीर देकर गुहार लगाई है दूसरी ओर कोतवाली प्रभारी ने निरीक्षक रेनू सिंह ने बताया कि बच्चे के लापता होने का मामला सामने आया है जिसमें तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# समाधान दिवस में पंहुची केवल एक शिकायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी )।** माह के द्वितीय व अंतिम शनिवार को लगने वाले समाधान दिवस में केवल एक शिकायत पंहुची जिसके निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए।

द्वितीय शनिवार को कोतवाली पिलखुवा के प्रांगण में नायाब तहसीलदार अमरपाल सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान केवल एक ही शिकायत अधिकारियों के समक्ष पहुँची।



थाना प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह इस बताया कि आयोजित थाना समाधान दिवस में पालिका से सम्बंधित केवल ही शिकायत प्राप्त हुई जिसके निस्तारण हेतु संबंधित पालिका अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। नायाब तहसीलदार अमरपाल सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय अंतिम शनिवार को लगने वाला समाधान दिवस प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का संबंधित अधिकारी प्रमुखता के साथ निस्तारण करें और निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। अन्यथा लापरवाही करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, एसएसआई इजराहुल इस्लाम, समस्त पटवारी मौजूद रहे।

**उद्घाटन** | आधुनिक सुविधाओं से लैस भव्य बैंक्विट की शुरूआत

# नोएडा सेक्टर 70 में शौर्य मिस्टीक बैंक्विट का भव्य उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर 70 स्थित वसई गांव में भव्य सुविधाओं से लैस शौर्य मिस्टीक बैंक्विट का उद्घाटन बड़े समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शौर्य मिस्टीक के संस्थापक, पूर्व एमएलसी और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जितेंद्र यादव ने पुष्प देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्य केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, गौतम बुध नगर के सांसद महेश शर्मा, कारोबारी और पूर्व मंत्री डीपी यादव, दादरी विधायक तेजपाल नागर, वर्षा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, विक्रांत यादव ब्लॉक प्रमुख, गजेंद्र यादव सहित शहर की कई प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया।



**आधुनिकता और सुविधाओं से युक्त बैंक्विट**

शौर्य मिस्टीक बैंक्विट अपने आधुनिक और भव्य स्वरूप के लिए चर्चा में है। बैंक्विट के मैनेजर रमन ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि इसका निर्माण पूरी तरह से आधुनिक आवश्यकताओं और सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। बैंक्विट की एंट्रेंस लॉबी की ऊंचाई 38 फीट है, जो नोएडा के अन्य बैंक्विट से अलग और आकर्षक है। यह बैंक्विट 50 से लेकर 1000 लोगों तक की गैदरिंग के लिए उपयुक्त है। इसमें छोटे से बड़े तक कुल चार हॉल हैं, जिन्हें अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रमों के लिए उपयोग में लाया जा सकता है।

**भोजन और पार्किंग की विशेष सुविधा**

बैंक्विट में वेज और नॉनवेज दोनों प्रकार के व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। रमन ने बताया कि यहां के शेफ ग्राहकों की पसंद के अनुसार पारंपरिक और आधुनिक व्यंजन तैयार करते हैं। नोएडा में पार्किंग की समस्या को ध्यान में रखते हुए यहां बेसमेंट पार्किंग की सुविधा दी गई है।

बैंक्विट के मैनेजर ने बताया कि निकट भविष्य में यहां रूम की सुविधा भी शुरू की जाएगी, जिससे यह आयोजन स्थल और अधिक सुविधाजनक बन जाएगा। रमन के अनुसार, शौर्य मिस्टीक को इवेंट उद्योग में एक नया मानक स्थापित करने के लिए तैयार किया गया है।

# समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** रविवार को नगर के जवाहर रोड स्थित कैंप कार्यालय पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें व्यापारियों ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों पर अमल करने का आह्वान किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि हमारा नव वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होता है और अभी तक हम लोग अंग्रेजी नव वर्ष मनाते आए हैं जबकि व्यापारियों का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है इसलिए पूरे प्रदेश में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल 1 अप्रैल को नव वर्ष का स्वागत करेगा इसके अलावा दाखिल खारिज धारा 180 को आसान करा जाए और संपत्ति वैभव कर व्यापारी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा की व्यापारी के साथ आज जीएसटी विभाग हो या विद्युत विभाग हो या खाद्य विभाग हो उसकी छापेमारी को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा शिक्षक और स्नातक क्षेत्र में सिर्फ 6 लाख शिक्षक हैं जिस तरीके से शिक्षक विधान परिषद में चुनकर जाता है



आज पूरे प्रदेश में 39 लाख व्यापारी हैं उसमें से 6 विधानसभा परिषद में व्यापारियों को चुना जाए इसकी मांग निरंतर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उठाता चला आ रहा है इसके अलावा आयुष्मान कार्ड योजना से रजिस्टर्ड व्यापारियों को भी जोड़ा जाए इसको लेकर शीघ्र ही अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल 18 जनवरी से पूरे प्रदेश में सांसद और विधायकों को ज्ञापन देकर अपनी बात को केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार तक पहुंचाएंगे जिला महामंत्री प्रभात कृष्ण ने कहा की आजकल व्यापारियों में सबसे बड़ा साइबर क्राइम फ्रॉड चल रहा है जिसको लेकर अधिकारी व्यापारियों के खाते सीज कर रहे हैं चाहे साइबर फ्रॉड ?500 का हो या 5000 का लेकिन व्यापारियों के पूरे खाते सीज हो रहे हैं जिसे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और इसका पुरजोर विरोध करेगा बैठक में व्यापारी जोड़ो सदस्यता अभियान को शीघ्र शुरू करके नए युवा व्यापारियों को व्यापार मंडल में शामिल करने का आह्वान किया गया इस दौरान बैठक की अध्यक्षता प्रेम ग्रोवर व संचालन शाह आलम मंसूरी ने किया।साथ ही मौजूद रहे। प्रभात कृष्णा, सुशील अग्रवाल, सुभाष मित्तल, प्रमोद अग्रवाल ,विकास मिश्रा, सुभाष पाल, उमेर शमसी, अनुज वार्ष्णेय ,उमेश वार्ष्णेय आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# महाकुंभ में भव्य लेजर वॉटर स्क्रीन शो का शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की पहल पर महाकुम्भ-2025 में लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित लेजर शो एवं एक विशेष लेजर वॉटर स्क्रीन प्रोजेक्शन लाइट और साउंड शो का उद्घाटन आज शाम किया गया। जिसे टेमफ्लो सिस्टम्स, गाजियाबाद ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की प्राचीन गाथाओं को प्रभावशाली और सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

यह जानकारी पर्यटन विभाग के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के तट पर बोट क्लब के पास स्थित काली घाट पर प्रदर्शित इस शो के दौरान पानी की स्क्रीन पर उभरती अद्भुत छवियों ने प्रयागराज और महाकुंभ की ऐतिहासिक और धार्मिक गाथाओं को जीवंत कर दिया। दर्शकों को इन पवित्र स्थलों की दिव्यता और ऐतिहासिक महत्व का अनुभव करने का अनूठा अवसर प्राप्त हुआ। शो में दिखाए गए दृश्य और ध्वनि ने श्रद्धालुओं को महाकुंभ के गौरवशाली अतीत में खो जाने का अवसर दिया। आम नागरिक इस शो का बिना किसी टिकिट के मुफ्त में आनंद ले सकते हैं। रोज शाम 7 से 9 बजे के बीच दो शो दिखाए जायेंगे और हर शो की अवधि 45 मिनट होंगी।

कार्यक्रम के दौरान सभी आगंतुक लोगों ने इस अभिनव पहल की सराहना की और इसे संस्कृति व परंपरा के संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

यह शो, जो आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक महत्व का संगम है, महाकुंभ 2025 के मुख्य आकर्षणों में से एक बन गया।

# दिल्ली की जनता कई समस्याओं की शिकार शिविर और पेयजल व सड़क, अतिक्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राजधानी दिल्ली में विधान सभा चुनाव को लेकर क्षेत्र की जनता की समस्या ओखला विधानसभा क्षेत्र में जनता की समस्याओं से जूझ रही है। यहां खुले सीवर, पेयजल की समस्या और अतिक्रमण समेत कई तरह की परेशानियों से लाखों लोग रोज जूझते हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के 20 फीसदी के हिस्से में ही पेयजल की सप्लाई होती है। लोग बाहर से पानी खरीदकर इस्तेमाल करते हैं। ओखला विधानसभा दिल्ली की सबसे चर्चित सीटों में से एक है। एनआरसी और सीएए के खिलाफ कई दिनों तक चले प्रदर्शन की वजह से यह सीट देश व दुनिया में सुर्खियों में रही थी। सघन आबादी वाला यह क्षेत्र समस्याओं से घिरा हुआ है। क्षेत्र की अधिकतर सड़कें जर्जर हैं। खुले सीवर, पेयजल की समस्या और अतिक्रमण समेत कई तरह की परेशानियों से लाखों लोग रोज जूझते हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के 20 फीसदी के हिस्से में ही पेयजल की सप्लाई होती है। लोग बाहर से पानी खरीदकर इस्तेमाल करते हैं। वहीं यहां से आप ने लगातार तीसरी बार अमानतुल्लाह खान को उम्मीदवार बनाया है। वे 2015 और 2020 में चुनाव जीत चुके हैं। इससे पहले यह सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में अमानतुल्ला को कुल वोट में से 66.03 प्रतिशत



मिले थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी ब्रह्म सिंह रहे थे। उन्हें 29.65 प्रतिशत और कांग्रेस के परवेज हाशमी को 12.59 प्रतिशत मत मिले थे। 2013 में कांग्रेस के आसिफ मोहम्मद खान ने इस सीट से चुनाव जीता था। यह सीट पूर्वी दिल्ली का हिस्सा है। ओखला विधानसभा क्षेत्र में मदनपुर खादर गांव, खिजराबाद गांव, जसोला गांव, आली गांव और तैमूर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। यहां कुल आबादी में मुस्लिमों की संख्या 55 फीसदी है। क्षेत्र में जरूरी सुविधाओं की बहुत कमी है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सिर्फ 20 फीसदी हिस्से में ही पेयजल की सप्लाई होती है। क्षेत्र में बिल्डर माफिया का बोलबाला है। नशाखोरी भी बहुत ज्यादा है। शाहीन बाग 40 फुटा रोड छह साल से जर्जर हालत में है, लेकिन इसे बनवाने को लेकर को कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पार्किंग की बहुत ज्यादा दिक्कत है। कई सड़कों पर घंटों जाम लगा रहता है।मदनपुर खादर में बहुत ज्यादा समस्याएं हैं। सीवरेज की सबसे बड़ी दिक्कत है। गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नशाखोरी भी खूब है। लोगों की परेशानियों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पेयजल का संकट रहता है। ओखला विहार में सफाई का अभाव है। रास्तों में सीवर का पानी भरा रहता है। सड़कें जर्जर हैं। शिकायत के बावजूद किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र में छोटे उम्र के बच्चे नशा कर चाकूबाजी करते हैं। तिमारपुर क्षेत्र में शिविर के समस्या होने के कारण शिवर का पानी सड़क पर आ गया है सड़के झील में तब्दील हो गई हैं जिसकी वजह से लोगों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक को ठग बताया है। जनता का कहना है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तेजल सुविधा और शिविर के पानी के निकासी का वादा किया था परंतु किसी भी प्रकार की कोई सुविधा क्षेत्रीय जनता को उपलब्ध नहीं हो पाई जिसके कारण क्षेत्र के जनता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ठग बताया है।

# अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन का शपथग्रहण और सम्मान समारोह सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की मौजूदगी में आज अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेमिनार,शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में दारुल सफा ए ब्लॉक के सभागार

**पत्रकारों को लोभ लालच से दूर दर्पण की भांति निर्भीक पत्रकारिता करनी चाहिए : वीरेन्द्र मिश्र**

में प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों को जहां मिशन पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया,वहीं उत्तर प्रदेश तथा लखनऊ की वर्ष 2025 के लिए गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गयी।मिशन के रूप में पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों भारत सिंह,सचिव उत्तर प्रदेश मान्यता संवाददाता समिति,ब्रजेश शुक्ला वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,जी पी दीक्षित,सम्पादक पत्रकारिता पुन्ज,अजीज सिद्दीकी वरिष्ठ पत्रकार, अब्दुल वहीद,कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश मान्यता




संवाददाता समिति,गिरीश चन्द्र कुशवाहा सम्पादक सहानुभूति एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन,सै.रजा हुसैन रिजवी सम्पादक त्रिगुट दैनिक,पूर्व सदस्य प्रेस कौंसिल आफ इंडिया, संजय तिवारी,राष्ट्रीय सहारा, सुरेश यादव,दैनिक,संजय त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार,मुन्ना लाल बाल्मीकि अमृत विचार,सुभाष मिश्र,सम्पादक सर्च लाइट,संतोष बाजपेई,वरिष्ठ पत्रकार अमर उजाला,वरिष्ठ छायाकार आरिफ मुकीम को मिशन पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी वर्ष 2025 हेतु प्रदेश संयोजक जितेश श्रीवास्तव,अध्यक्ष तारकेश्वर पाण्डेय प्रयागराज, उपाध्यक्ष- हर्ष राज पाण्डेय नोएडा,जे पी मिश्र लखीमपुरखीरी, एल एन गौतम लखनऊ ,महासचिव - विनोद गौतम मथुरा ,महेश त्यागी गाजियाबाद , अत्ता हसन प्रयागराज ,सचिव - राम सेवक बाराबंकी ,अमित कुमार गुप्ता हरदोई, नन्द किशोर लाल गोरखपुर , गिरधर गोपाल मथुरा ,अतुल कुमार पाल लखनऊ ,किशन मिश्रा गाजियाबाद , विक्रान्त पाण्डेय प्रतापगढ ,प्रवक्ता एवं कानूनी सलाहकार एडवोकेट गौरव पाण्डेय लखनऊ एवं कार्यकारिणी सदस्य रतन यादव व रितिक प्रजापति सहित लखनऊ के जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना, उपाध्यक्ष अम्बिका मिश्र,हरि शंकर मिश्र, अनिल यादव, महासचिव स्वतंत्र प्रिय गुप्ता,मो०शैफ, जितेन्द्र शर्मा, सचिव विवेक सिंह यादव, संजय कन्नौजिया,रामू गौतम, दीपक मिश्रा, कृष्णा शर्मा, संगठन मंत्री संजय रस्तोगी व राजेन्द्र नाथ पाण्डेय, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, कानूनी सलाहकार एडवोकेट धर्मेन्द्र शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य अनूप कन्नौजिया को शपथ दिलाई गई।

# पंडित खेड़ा समग्र विकास समिति का गठन व निःशुल्क जांच शिविर एवं कंबल वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** कृष्णानगर क्षेत्र पंडित खेड़ा में स्थित सौभाग्य मैरिज लान में आज पंडित खेड़ा समग्र विकास समिति का गठन के उपलक्ष्य में कंबल वितरण व निःशुल्क जांच शिविर आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 200 से अधिक लोगो ने निःशुल्क शुगर एवं थायराइड की जांच कराई और डॉक्टर सुरज प्रताप गिरी ने फिजियोथैरेपी कर लगभग 150 से अधिक लोगो को लाभान्वित कर जानकारी दी। समिति के गठन के उपरांत जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण का आयोजन किया गया।




पंडितखेड़ा समग्र विकास समिति गठन में प्रबंधक अरुण शुक्ला,अध्यक्ष विनीत मिश्रा, महासचिव विजेंद्र देव ओझा और मुख्य संरक्षक के रूप में लवलेश भाटिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सिंह, प्रदीप राज्यपाल, सी एन शुक्ला, उपाध्यक्ष ,अनुज तिवारी आशीष पाण्डेय, आशीष शर्मा,वी.वी. पाल, महामंत्री उमेंद्र पाठक, अनुपम शर्मा,अजय शुक्ला, बी के सिंह संगठन मंत्री नितिन श्रीवास्तव, अमितेश शुक्ल,अशोक यादव, अवधेश यादव संरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, एस के सिंह, एस एन तिवारी, यमुना शंकर त्रिवेदी संयुक्त मंत्री मंजीत सिंह ,प्रमोद मिश्रा, शिरोमणि त्रिपाठी संगठन सचिव वीरेंद्र तिवारी, अजय सिंह, विपिन विश्वकर्मा आदि लगभग कार्यकारणी में 52 पदाधिकारी सदस्य चुने गए।

# इमाम हुसैन अ.स की विलादत पर शिया हुसैनी फॅन्ड द्वारा शिया कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में दस्तरख्वान का होगा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की 3 शाबान को शिया हुसैनी फॅन्ड द्वारा शिया कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में दस्तरख्वान का आयोजन 12 बजे दिन से किया जायेगा। इसके अलावा 22 फरवरी को जश्ने जैनब सलवातुल्लाह अलैहा का आयोजन किया जाएगा।



दस्तरख्वान की नज़्र उलेमा-ए-कराम देगें। मौलाना हमीदुल हसन साहब, मौलाना सायम मेंहदी साहब, मौलाना सैफ अब्बास साहब, मौलाना मुस्तफा अली खाँ अदीबुल हिन्दी साहब, यासूब अब्बास साहब, मिर्जा जाफर अब्बास साहब, मौलाना फरीदुल हसन साहब नज़्र में शिरकत करेंगे। संस्था की एक सभा में खाली रहे पद पर सदस्य कार्यकारिणी के लिए वसीउल हसन मुन्ने को सदस्यों की राय से चुना गया तथा हुसैन जामिन नकवी को उपाध्यक्ष तथा शाहिद काजिम को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सभा में संस्था की ओर से पाकिस्तान के शियों की हत्याओं पर चिंता जताई गई।

सभा में सदस्यों की सदस्यता के लिए मार्च से अभियान चलाने और लगभग 50 से 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया सभा में हसन मेहंदी झब्बू हिसार उल हसन रईस आलम अलीम हुसैन शेरू भाई ने हिस्सा लिया। मौलाना सकलेन आब्दी ने नज्र दी और महफिल को संबोधित किया यह जानकारी मीडिया प्रभारी शाहिद काजिम ने दी।

# वायु सेना प्रमुख ने संग्राम 1857 साइक्लोथॉन में एनसीसी कैडेटों के साथ साइकिल चलाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** फतेहपुर शहर में एनसीसी साइक्लोथॉन 'संग्राम 1857' का भव्य स्वागत हुआ। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वायु सेना प्रमुख और मेजर जनरल विक्रम कुमार, एडीजी यूपी एनसीसी निदेशालय ने साइकिल अभियान गुठ के साथ साइकिल चलकर शहर में प्रवेश किया। 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व ब्रिगेडियर एनएस चाराग कर रहे हैं और इसमें 5 बालिका एनसीसी कैडेट भी शामिल हैं।

1 जनवरी, 2025 को मेरठ से रवाना की गई टीम 2000 किलोमीटर से अधिक की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में है। टीम को शहीद विजय पाल, 10 एसएफ, की पत्नी श्रीमती कुशमा देवी द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, फतेहपुर परिसर में हरी झंडी दिखाकर फ्लैग इन किया गया। 60 यूपी बटालियन एनसीसी, फतेहपुर के कैडेटों ने 1857 के





प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में प्रख्यात हस्तियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया। यह अभियान आने वाले दिनों में यूपी के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगा और अंततः नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 की रैली के दौरान समाप्त होगा, जहां इसे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा इसे फ्लैग इन किया जाएगा।

# प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 08 से 10 फरवरी में राजभवन प्रांगण में होगी आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025 का आयोजन 08, 09 व 10 फरवरी, 2025 को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में किया जायेगा।

**प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का पंजीकरण 15 जनवरी से 30 जनवरी तक**

प्रदर्शनी में प्रदेश में स्थित व्यक्तिगत बंगलों के उद्यान, गृहवाटिकाओं, कार्यालयों, शिक्षा संस्थाओं तथा पब्लिक पार्क आदि के उद्यान एवं प्राचीन / ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों के विभिन्न वर्गों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का ऑनलाइन /आफलाइन पंजीकरण 15 जनवरी से 30 जनवरी, 2025 तक किया जायेगा। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डा0 वी0बी0 द्विवेदी ने अपेक्षा की है कि इच्छुक उद्यान तथा गृहवाटिका प्रेमी/समस्त प्रतिभागी अपने-अपने उद्यानों व गृहवाटिकाओं को भली-भांति तैयार कर लें। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 30 जनवरी, 2025 को सायं 05:00 बजे तक पंजीकरण http:// upflower-showlko.com पर ऑनलाइन तथा कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ में ऑफलाइन कराया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि पंजीकृत उद्यानों तथा गृहवाटिकाओं के विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता की जजिंग का कार्य 01 व 02 फरवरी, 2025 को निर्णायक टोलियों द्वारा किया जायेगा। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ से (फोन नं0-0522-2975506) पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# सीआईएसएच किसानों के लिए जारी करता है एडवाइजरी, लेकिन संस्थान में ही नहीं खत्म हो रहा जाला कीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा के निदेशक टी दामोदरन ने जाला कीट से बचाव के लिए कुछ महीने पहले किसानों के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी लेकिन उस एडवाइजरी का क्षेत्र में कोई असर नहीं दिखाई पड़ा क्योंकि इस बार जाला कीट से मलिहाबाद फल पट्टी क्षेत्र की हजारों एकड़ आम की बागें कीटनाशक दावों का स्प्रे करने के बावजूद बर्बाद हो चुकी हैं जिससे आम की आगामी फसल को नुकसान होने की स्पष्ट संभावना दिखाई दे रही है। वहीं दूसरी ओर अगर केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा की बात की जाए तो इस संस्थान की काफी बागें जाला कीट के कारण क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रहमान खेड़ा संस्थान में दो बार कीटनाशक दवाओं का



छिड़काव किया जा चुका है बावजूद इसके काफी बाग जाला कीट से प्रभावित हो चुके हैं। इसके अलावा रहमान खेड़ा संस्थान के किनारे बसे मीठे नगर के ही सैकड़ों बाग जाला कीट से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं इसलिए उनमें आम की फसल बहुत कम आने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ किसानों का कहना है कि उन्होंने अपने बागों में कीटनाशकों का प्रयोग भी किया है फिर भी जाला कीट बागों से पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इससे यह आसन का व्यक्त की जा रही है कि क्षेत्र में नकली गांव की भरमार है इसलिए कीड़े मर नहीं रहे हैं। फल पट्टी क्षेत्र में बिक रही नकली दावों को लेकर किसानों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई जिसका नतीजा यह है कि इस बार आम की फसल बौर आने से पहले ही काफी मात्रा में प्रभावित हो चुकी है इसका असर उत्पादन से लेकर आम की बाजार पर भी पड़ेगा।

जो किसान साल भर आम की फसल आने पर तरह-तरह के सपने देखते रहते हैं उनके जीवन पर भी खासा प्रभाव पड़ेगा।

# उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा जेल में कंबल वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** जेल में कड़ाके की ठंड के मध्ये नजर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण के द्वारा ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से गरीब एवं जरूरतमंद बंदियों को कंबल, स्वेटर, जैकेट ,लेडीज शाल एवं बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए गए।




उक्त पुनीत कार्य जेल अधीक्षक मिजाजीलाल के अनुरोध पर बिना समय गंवाए 2 दिन के अंदर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा तत्काल कर दिया गया। इसके लिए जेल अधीक्षक मिजाजीलाल के द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी का आभार प्रकट किया गया और कहा कि जेल में किसी व्यक्ति के बंद हो जाने के बाद उसके परिवार की हालत खराब हो जाती है। कमाने वाले हाथ जेल में और परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ता है। उस हालत में जेल में बंद व्यक्ति को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए कोई सहारा नहीं दिखता है, ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण ने सूक्ष्म अनुरोध को स्वीकार कर मदद का हाथ बढ़ाया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के द्वारा विचार व्यक्त किए गए कि जेल अधीक्षक शाहजहांपुर मिजाजी लाल के द्वारा बंदियों के कल्याण व सुधार हेतु कार्य किया जा रहा है। अन्यथा जेल में कोई मदद के लिए कम ही आता है किन्तु मिजाजी लाल के द्वारा सामाजिक संगठनों, व्यापारियों व सामाजिक कार्यकर्ता आदि से लगातार संपर्क बनाकर बंदियों के कल्याणार्थ लगातार काम किए जा रहे हैं,इनके अनुरोध को कोई ठुकरा नहीं पाता है। व्यापार मंडल भी इनके इस कारागार पर तैनात होने के बाद से ही लगातार बंदियों के कल्याणार्थ कार्य कर रहा है इस अवसर पर डेढ़ सौ बंदियों को कंबल ,30 बंदियों को स्वेटर एवं जैकेट 25 महिला बंदियों को गर्म शाल एवं सभी बच्चों को गर्म सूट भेंट किए गए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह दुआ, महामंत्री नाजिम खान ,कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता ,जिला उपाध्यक्ष राज नारायण गुप्ता मुकेश गुप्ता, विनीत गुप्ता, मीडिया प्रभारी मोहम्मद रफी, युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल एवं महामंत्री कमाल फहीम उपस्थित रहे।

सभी बंदी कड़ाके की सर्दी में गर्म कपड़े पाकर अत्यंत खुश नजर आए और करतल ध्वनि से व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण का आभार प्रकट किया। व्यापार मंडल के द्वारा यह भी इच्छा प्रकट कि यदि कोई बंदी अभी भी गर्म कपड़ों से बंचित रह गया हो, उसको और गर्म कपड़े उपलब्ध करा दिए जाएंगे साथ ही साथ व्यापार मंडल के द्वारा कारागार में चिकित्सा शिविर लगाकर आंख एवं दांतों का इलाज कराने एवं जिन बंधिया की नजर कमजोर है उनकी जांच कर कर उन्हें चश्मा बनवाकर भी उपलब्ध करा दिए जाएंगे इस प्रस्ताव का जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के द्वारा स्वागत किया गया और सीख रही चिकित्सा से बिल लगाकर बंधिया को लाभान्वित करने का अनुरोध किया।

**बधाई**

## धौलाना क्षेत्र का नाम स्वर्णमीय अक्षरों में कराया अंकित

# बुलंदशहर में सम्मानित हुए धौलाना के ओज कवि राजकुमार,बधाई देने वालो का लगा तांता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** हिन्दी दिवस के अवसर पर बुलंदशहर में आयोजित कवि सम्मेलन में क्षेत्र के ओज कवि राजकुमार शिशौदिया को सम्मानित किया गया । अपने ओज कवि के बुलंदशहर में सम्मानित होने पर क्षेत्र के लोगो ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी ।

उत्तर प्रदेश के बड़े शहरों और अति प्राचीन शहर बुलंदशहर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में महाकवि देवेन्द्र देव मिजार्पुरी द्वारा धौलाना तहसील







के ग्राम छज्जूपुर निवासी ओजस्वी कवि राजकुमार शिशौदिया राजा को वीर रस की कविताओं के लिए पुष्प वर्षा करके पटका पहनाकर श्वेत शाल एवं बसन्ती गमछा ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । बुलंदशहर से लौटने पर सभी शुभचिंतकों समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा राजकुमार शिशौदिया राजा को शुभकामनाएं दी ।

कवि राजकुमार शिशौदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का मुख्य अतिथि शीतल कुमार ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम मौढ़ी हजरतपुर तथा छात्रा इकाई के

## छात्र-छात्राओं ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

स्वयंसेवकों ने ग्राम गुलड़िया में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की तथा स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को साफ सफाई का महत्त्व समझाते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता अभियान के तहत स्वयंसेवको ने गांव में जगह-जगह साफ सफाई की एवं कूड़े का निस्तारण किया।





बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में डायट के प्रवक्ता शीतल कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके एवं माल्यार्पण करके किया ।मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने घरों विद्यालय परिसर एवं आसपास के वातावरण को साफ सुथरा बनाना चाहिए। यदि हम अपने परिसर को स्वच्छ रखेंगे तो हम बीमारियों से मुक्त रहेंगे। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, अतः मनुष्य को सुंदर एवं स्वस्थ रहने के लिए साफ सफाई बहुत जरूरी है। हमें साफ सफाई के साथ-साथ समाज को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए।स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत के साथ-साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं ।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया तथा भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह एवं छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी ऊषा सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निशिकान्त पाठक ने किया ।

# अटल विद्यालय में दाखिले के लिए 20 जनवरी तक करें आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अटल श्रमिक आवासीय विद्यालय में कक्षा छह और नौ में दाखिले के इच्छुक बच्चे अपना आवेदन 20 जनवरी तक श्रम विभाग के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उप श्रम आयुक्त दीप्तिमान भट्ट के अनुसार




शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा 23 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे होगी। कक्षा छह में प्रवेश लेने के लिए बच्चे का जन्म एक मई 2013 से पूर्व व 31 जुलाई 2015 के बाद नहीं होना चाहिए। वहीं, कक्षा नौ में प्रवेश के लिए बच्चे का जन्म एक मई 2010 से पूर्व और 31 जुलाई 2012 के बाद का नहीं होना चाहिए। स्कूल के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार महतो के अनुसार अघतन निर्माण श्रमिक कार्ड, कोविड-19 से अनाथ हुए बच्चे, जन्म प्रमाणपत्र की प्रति और तीन पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ आवेदन किया जा सकता है।

# मशहूर कॉमेडियन मक्खन मुरादाबादी के निधन पर साहित्यकारों ने जताया शोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सुप्रसिद्ध हास्य- व्यंग्य कवि व गीतकार डॉ. कारेंद्र देव त्यागी यानी मक्खन मुरादाबादी नहीं रहे। दशकों तक अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाने के साथ ही कई तीखे सवाल छोड़ जाने वाले डॉ. त्यागी ने शनिवार दोपहर 130 बजे अपने आवास पर अंतिम सांसें लीं। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मक्खन मुरादाबादी करीब पांच दशकों से हास्य-व्यंग्य और अन्य रचनाओं से साहित्य जगत का अहम हिस्सा बने हुए थे। उनके निधन से साहित्य जगत स्तब्ध है। शनिवार देर शाम सीएल गुप्ता मोक्ष धाम पर उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। मुखाग्नि बेटे प्रत्यक्ष देव त्यागी ने दी। 12 फरवरी, 1951 को जन्मे कारेंद्र देव त्यागी स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही 'नवनीत' उपनाम से कविताएं लिखने लगे थे। बाद में 1971 में उनकी बेहद चर्चित कविता 'ब्लैक- आउट' ने कारेंद्र देव 'नवनीत' को मक्खन मुरादाबादी के रूप में कवि सम्मेलन के मंचों पर स्थापित कर दिया। वह पिछले काफी दिनों से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे थे। शनिवार दोपहर उन्होंने अपने नवीन नगर स्थित आवास में अंतिम सांसें ली।



# कुपोषित बच्चों के स्वजन को योजना के तहत दी जाएंगी "दुधारू गाय"14 जनवरी को विशेष गोवंश सुपुर्दगी दिवस का आयोजन होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कुपोषित बच्चों के स्वजन को मुख्यमंत्री निराश्रित व बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के तहत योगी आदित्यनाथ सरकार दुधारू गाय देगी। इसके लिए अभियान चलाकर कुपोषित बच्चों के परिवार वालों का चयन किया है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को कुपोषित कुपोषित बच्चों के स्वजन को दूध देने वाली गायों को सुपुर्दगी में दिए जाने के निर्देश जारी किए हैं ।मुख्यमंत्री निराश्रित व बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत जनपदों को दो लाख निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यालय स्तर पर समीक्षा किए जाने के दौरान स्पष्ट हुआ है कि पूर्व में सुपुर्दगी में दिए गए बेसहारा गोवंशरी पशु को लाभार्थियों द्वारा या तो छोड़ दिया गया है अथवा उनकी मृत्यु हो गयी है। एक से 31 जनवरी तक अभियान चलाकर गो-आश्रय स्थलों में एक माह पूर्व तक संरक्षित निराश्रित गोवंशों को इच्छुक पशुपालकों व कृषकों व्यक्तियों को निराश्वित गोवंश की सुपुर्दगी के निर्देश दिए गए थे। अब मुख्यमंत्री सहभागिता योजना पोषण मिशन के अन्तर्गत 14 जनवरी 2025 को विशेष गोवंश सुपुर्दगी दिवस का आयोजन होगा।चिह्नित परिवारों व व्यक्तियों को गो-आश्रय स्थलों से उपयोगी तथा दूध उत्पादन योग्य निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी कराई जानी है। जनपद के बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों से समन्वय करते हुए मकर सक्रांति के अवसर पर पोषण मिशन अन्तर्गत विशेष निराश्रित गोवंश सुपुर्दगी दिवस का आयोजन होगा। चिह्नित व कुपोषित परिवारों को निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी व्यापक स्तर पर कराया जाना सुनिश्चित करे। योजना के संबंध में क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रत्येक सुपुर्द गोवंश के भरण- पोषण के लिए लाभार्थी को 50 रुपये प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह 1500 रुपये डीबीटी द्वारा लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान किया जाता है। इस प्रकार एक लाभार्थी को अधिकतम चार गोवंश सुपुर्दगी में दिए जाने पर उसे 6000 प्रतिमाह की आय अर्जित हो सकेगी। गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को सुपुर्दगी में दिए जाने पर उसके भरण-पोषण की बेहतर व्यवस्था हो सकेगी। उनका स्वास्थ्य तथा उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी तथा सुपुर्दगी प्राप्त करने बाले परिवार को दूध की उपलब्धता होने पर कुपोषण दूर हो सकेगा। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है।

अयोध्या में फिर से लौटे राम" पुस्तक को मिला राज्य पुरस्कार

# एक लाख रुपए प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर मुख्य सचिव डॉ अनुज अग्रवाल को 19 जनवरी को करेंगे सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर के प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल को उनकी दीर्घकालीन साहित्यक सेवा के लिए राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान लखनऊ द्वारा अमृत लाल नागर पुरस्कार के तहत 1 लाख रुपए की धनराशि देकर लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में 19 जनवरी को डा अग्रवाल को किया जाएगा सम्मानित । नगर पंचायत कांठ के निवासी डॉ अनुज अग्रवाल इससे पूर्व भी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज के तहत राज्यपाल द्वारा राज्य स्तर पर विशेष पुरस्कार से सम्मानित हो चुके है ।नगर के डी एस एम इंटर कालेज एवं डिग्री कॉलेज के छात्र रहें ।एम एड तथा अंग्रेजी साहित्य में नेट , पी एच डी डा अनुज अग्रवाल को इससे पूर्व भी विभागीय अधिकारियों , सामाजिक मंचों पर अनेक बार सराहा जा चुका है ।उन्होंने बताया कि उनकी यह पुस्तक "अयोध्या में फिर से लौटे राम" पाठकों में खासी लोकप्रिय है । जिसमें उन्होंने अयोध्या में श्री राम मंदिर आंदोलन एवं 500 वर्षों के संघर्ष के इतिहास एवं उससे जुड़ी घटनाओं का बड़ी बारीकी से उल्लेख किया है । जिस कारण यह पुस्तक पाठकों में खासी लोक प्रिय है । मां नीरज अग्रवाल को समर्पित इस पुस्तक के चयन किए डा अनुज अग्रवाल ने संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिलेश मिश्र एवं महामंत्री डॉ सीमा गुप्ता का आभार व्यक्त किया है ।उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए उन्हें अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# हरि कथा में अमृत वर्षा: मनुष्य को अपने धर्म का पालन करना चाहिए: स्वामी राजेंद्रानंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** ग्राम फतेहपुर विश्नोई मे सात दिवसीय हरि कथा में अमृत वर्षा करते हुए विख्यात संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज (हरिद्वार) ने सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुऐ कहा कि समाज में माताएं अपने बच्चों को फोन की लत से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं बच्चों को फोन से दूर कर उन्हें संस्कारवान बनाएं।कथा में स्वामी जी ने नशे की लत से बचने की सलाह दी ' उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करना चाहिए जीवों पर दया करनी चाहिए उत्तम व्यवहार ही मनुष्य का गहना है स्वामी जी ने कहा कि दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान। तुलसी दया न छांड़िये, जब लग घट में प्राण' जम्भ वाणी का अनुसरण करना चाहिए।कथा के अंत में उन्होंने समाज के लिए कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। कथा व्यवस्था में अनुज कुमार विश्नोई, ओमेंद्र सिंह विश्नोई, श्री ओम बिश्नोई ,ओम पाल सिंह, ओमवीर सिंह, राकेश कुमार बबलू, रामसिंह, सुमित विश्नोई , हरिभजन सिंह, ओंकार सिंह, सर्वेश कुमार बब्बू, संजीव कुमार विश्नोई आदि ने सहयोग किया।

# मांगे राम चौहान को ग्लोबल चेंज एनवायरमेंट अवॉर्ड से किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नीरजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन वेस्ट चंपारण बिहार की और से एस डी एम नगीना मांगे राम चौहान को ग्लोबल चेंज एनवायरनमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है' पर्यावरण के क्षेत्र में निरंतर कई सालों से नीरजा ग्रीन इंडिया परिवार प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के विचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए प्रयासरत है। प्रकृति प्रेमियों और सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्य करने वाले सेवियों के लिए एक पहल करते हुए,नीरज गुप्ता एक बेहद ही खूबसूरत कार्य कर रहे है। समाज में समाजिक कार्यकताओं और विचारकों को सम्मानित कर ग्रीन इंडिया परिवार उनका प्रोत्साहन करते हुए ,और अधिक मनोयोग से कार्य करने की प्रेरणा देते है। किसी भी विचार को या व्यक्ति को मिला सम्मान इंसान को और अधिक भागीदारी और जिम्मेदारियों से जोड़ता है। उल्लेखनीय है कि प्रशासनिक अधिकारी मांगेराम चौहान ने पर्यावरण के क्षेत्र में देश में उल्लेखनीय कार्य किया है ।






# हजारों किसानों का चीनी मिलों पर गन्ने का 74 करोड़ रुपये बकाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जिले की चीनी मिलों पर किसानों का करीब 74 करोड़ रुपये बकाया है। मिलों ने निर्धारित समय पर भुगतान नहीं किया। सिर्फ एक चीनी मिल ने सौ प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। जिलों की राणा चीनी मिल बेलवाड़ा, त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल, राणा चीनी मिल बिलारी और दीवान चीनी मिल अगवानपुर ने 17 दिसंबर तक किसानों से 460 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा था। 14 दिन बाद इसमें से चीनी मिलों को 372.19 करोड़ रुपये भुगतान करना था, लेकिन मिलों ने अभी तक 298.22 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। 73.97 करोड़ का भुगतान अभी बकाया है। बेलवाला चीनी मिल ने 78.57 प्रतिशत, रानीनांगल चीनी मिल ने 107.38 प्रतिशत, बिलारी चीनी मिल ने 50.69 प्रतिशत, अगवानपुर चीनी मिल ने 78.97 प्रतिशत का भुगतान किया है। बिलारी राणा शुगर मिल भुगतान के मामले में सबसे पीछे है। जिला गन्ना अधिकारी राम किशन ने बताया कि चीनी मिलों के प्रबंधन को शीघ्र गन्ना मूल्य का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

**जिला गन्ना अधिकारी ने भुगतान शीघ्र करने के दिए निर्देश**

# थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने शिकायतों का किया निस्तारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** कांठ और छजलैट थानों में आयोजित किए गए थाना समाधान दिवस में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों क शिकायतों को सुना और निस्तारण कराया ।कांठ थाने में एसडीएम प्रिंस वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान में भूमि विवादों और पुलिस से संबंधित शिकायतें आईं।

यहां एसडीएम के साथ ही सीओ अपेक्षा निम्बाड़िया, नायब तहसीलदार योगेशचंद्र शर्मा और प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने भी लोगों की समस्याओं को सुना।इस अवसर पर सात शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से दो का ही मौके पर निस्तारण कराते हुए बाकी के लिए पुलिस व राजस्व टीमों का गठन कर जांच के पश्चात निस्तारण के निर्देश दिए गए। इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह यादव, एसएसआई सुभाष धनकड़, उपनिरीक्षक विनीत कुमार, विपिन राठी, धर्मेंद्र पंवार, रमेशचंद्र यादव साहत लेखपाल रहे। छजलैट थाने में तहसीलदार रामवीर सिंह और प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने शिकायतें सुनी।यहां भी दर्ज छह मामलों में से दो का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं।



# राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित ग्राम प्रधान गार्गी गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि बनेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित मिलक अमावती की ग्राम प्रधान गार्गी गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। वह 25 जनवरी को दिल्ली रवाना होंगी। इसकी जानकारी उन्हें इस मामले में ग्राम प्रधान को अधिकारी की तरफ से अधिकारिक जानकारी दी गई है।प्रदेश में मुरादाबाद की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिसंबर 2024 में सम्मानित किया था। ग्राम प्रधान को ग्राम उर्जा स्वराज विशेष पुरस्कार, कार्बन न्यूट्रल पुरस्कार से नई दिल्ली में सम्मानित किया गया था। बताया गया कि अमावती गांव ने उर्जा स्वराज में देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। ग्राम प्रधान के पति जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के मुताबिक पंचायत राज विभाग अधिकारी का पत्र मिला है। पत्र में प्रदेश के पंचायती राज निदेशक ने 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के परेड में बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर गार्गी को बुलाया गया है। उनकी पत्नी एक दिन पहले 25 जनवरी को परेड देखने के लिए नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। पंचायती राज विभाग ने बताया है कि मिलक अमावती गांव में प्रधान की वजह से बालिकाओं के लिए 100 प्रतिशत टीकाकरण एवं एनीमिया मुक्त किया गया है। बच्चों के लिए पुस्तकालय की स्थापना की है।



# संविधान गौरव अभियान में देवराज सिंह जाटव को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भाजपा जिला कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत नगर निवासी ( भाजपा जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा) देवराज सिंह जाटव को मुख्य अतिथि राजेश सिंघल ने उत्कृष्ट कार्य करने पर पटका पहनाकर सम्मानित किया 'संविधान गौरव अभियान एक पर्व के रूप में मनाया गया तथा भारतीय जनता पार्टी की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उन योजनाओं का लाभ देने पर बल दिया गया' अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने की। इस अवसर पर जिला महामंत्री हरज्ञान सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा , ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष आनंदी प्रजापति , महिला मोर्चा अध्यक्ष आदेश चौधरी आदि मौजूद रहे ।




आयोजन

## बिश्नोई धर्मशाला का हुआ भूमि पूजन

# समाज और देश की तरक्की के लिए गुरु जंभेश्वर भगवान के बताए मार्ग पर चलें : सलिल बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिश्नोई सभा कोतवाली के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्मित बिश्नोई धर्मशाला का भूमि पूजन किया गया' कार्यक्रम में समाज के हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया और हरे पेड़ों की रक्षा का संकल्प लेते हुए गुरु जंभेश्वर भगवान के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया ' बिश्नोई समाज के उच्च कोटि के महंत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज जी ने भूमि पूजन कराया इससे पहले विशाल यज्ञ में लोगों ने आहुति दी इस अवसर पर धर्मशाला शिलान्यास उत्सव को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई ने कहा कि समाज एवं दुनिया की भलाई के लिए गुरु जंभेश्वर भगवान ने 29 नियम बनाए इन नियमों पर चलकर ही समाज और देश तरक्की कर सकता है' इस अवसर पर बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कुमार बिश्नोई, भाजपा के जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी मुकेश बिश्नोई, अशोक बिश्नोई, शीतल बिश्नोई, सुनील कुमार विश्नोई आदि ने संबोधित किया ' आयोजन कमेटी ने स्मृति चिन्ह देखकर अतिथि लोगों को सम्मानित किया ' कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र पाल सिंह बिश्नोई ने की आगंतुकों का आभार सत्यकाम बिश्नोई ने किया' इस आयोजन में धामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, नगीना मेरठ, दिल्ली आदि स्थानों से आए समाज के लोगों ने भाग लिया।






# भारत विकास परिषद ने गौशाला पहुंचकर गौ सेवा की, गौ सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : महेश गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत विकास परिषद शाखा कांठ द्वारा रविवार को बृहद गोसंरक्षण केंद्र सादकपुर मलोकपुर उर्फ खिचड़ी पहुंच कर गौ माता की सेवा की इस अवसर पर वक्ताओं ने गौ माता की सेवा करना सबसे पुण्य कार्य बताया है ' भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेश चंद गुप्ता के सौजन्य से गोवंश को गुण एवं चोकर खिलाकर गौ सेवा की गई' इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सचिन चौहान, एडवोकेट दीपक बिश्नोई ,संचित गुप्ता, राजेश शर्मा, विकास शर्मा, दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।





# इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही सम्युक्ता मेनन

आज का भारतीय सिनेमा ऐसे कलाकारों को अपनाने के लिए तैयार है, जो भाषाओं की सीमाओं से परे जाकर काम कर रहे हैं। सम्युक्ता इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में शानदार काम करने के बाद अब सम्युक्ता बॉलीवुड में फिल्म महारानी से डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह काजोल के साथ नजर आएंगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें सम्युक्ता की भूमिका बहुत खास और दमदार है। यह दिखाता है कि वह किसी भी भाषा में अपनी कला से सबका दिल जीत सकती हैं। बॉलीवुड में सम्युक्ता का आना यह बताता है कि अब इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सम्युक्ता ने कहा, मैं हमेशा मानती हूं कि कहानी कहने की कला सबकी होती है और अभिनय की कोई सीमा नहीं होती। यह प्रोजेक्ट मेरे इस विश्वास को और मजबूत करता है।

अपने हर किरदार को गहराई और भावनाओं से निभाने वाली सम्युक्ता आज क्षेत्रीय और बॉलीवुड सिनेमा को जोड़ने वाली कड़ी बन रही हैं। जैसे-जैसे बॉलीवुड पैन-इंडिया दर्शकों से जुड़ने की कोशिश कर रहा है, सम्युक्ता इस बदलाव की अगुवाई कर रही हैं और भारतीय सिनेमा को एकजुट करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का शानदार प्रदर्शन जारी, टक्कर देने आ गईं ये फिल्में

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल बीते साल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और पहले दिन से यह बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर रही है।

फिल्म को रिलीज हुए 36 दिन बीत गए हैं और यह अब तक सिनेमाघरों में टिकी हुई है।

पांचवें सप्ताह भी फिल्म का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है।

आइए जानें फिल्म ने 36वें कितने करोड़ रुपये कमाए।



सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने रिलीज के 36वें दिन यानी पांचवें गुरुवार को 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,215 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 1,835 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

पुष्पा 2 के निर्देशक सुकुमार हैं। रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

अब दर्शक फिल्म की तीसरी किस्त पुष्पा 3: द रैम्पेज का ऐलान कर रहे हैं।

बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का सामना वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन से हो रहा है। इस फिल्म का पहले ही दिन फिल्म का बंटाधार हो गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ चुकी है।

इसके अलावा राम चरण और कियारा आडवाणी की पैन-इंडिया फिल्म गेम सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

सोनू सूद की फिल्म फतेह भी दर्शक के बीच आ गई है।

# हॉल्टर नेक आउटफिट में अनुष्का सेन ने लगाया ग्लैमर का तड़का, एक्ट्रेस का लुक देख फैंस हुए घायल

छोटे पर्दे से करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस अनुष्का सेन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तरीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका ग्लैमरस लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण आए दिन सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी



से वायरल होने लगता है ।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं ।तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने हॉल्टर नेक लुक में बेहद ही शानदार ब्लैक कलर का लॉन्ग ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी हॉट एंड सेक्सी लग रही हैं।

अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट लुक से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। फैंस भी उनके लुक पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

एक्ट्रेस की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 3 लाख 44 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स- फेयरी गर्ल, नाइस, सो क्यूट, अडोरेबल लिख कर कॉमेंट कर रहे हैं। अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि सिर्फ इंडिया में ही नहीं उन्हें विदेश में भी लोग फॉलो करते हैं।

# सूरज बड़जात्या ने किया अपनी पहली वेब सीरीज बड़ा नाम करेंगे का ऐलान, सोनी लिव पर होगा प्रीमियर

जल्द ही सोनी लिव पर सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे का प्रीमियर होगा। यह ओटीटी पर राजश्री प्रोडक्शंस का डेब्यू शो होने वाला है। यह एक लव स्टोरी वाली सीरीज हैं, जिसमें फैमिली वैल्यूज भी होंगे। यही बात तो राजश्री प्रोडक्शंस और सूरज बड़जात्या की खासियत है।

सीरीज 'बड़ा नाम करेंगेइ मन को छू लेने वाली है, इसको पलाश वासवानी द्वारा निर्देशित किया गया है। हालिया जारी टीजर में प्यार, परिवार को जोड़कर एक कहानी की झलक दिखाई गई है। इस सीरीज में ऋषभ और सुरभि की कहानी है, जिनकी अरेंज मैरिज एक अलग ही मोड़ लेती है, जब उनके अतीत की बातें सामने आती हैं। आगे दोनों अपने रिश्ते को लेकर क्या फैसला लेंगे, इस पर पूरी कहानी है।

सीरीज 'बड़ा नाम करेंगेइ के बारे में सूरज आर.बड़जात्या ने कहा- 'यह सीरीज मेरे दिल में एक खास जगह रखती है। इसके साथ हम रिश्तों की खूबसूरती, प्यार की गहराई और पारिवारिक मूल्यों की






मजबूती के बारे में बता रहे हैं। मैं इस दिल को छू लेने वाली कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं। सोनी लिव के साथ मिलना, हमारे लिए शानदार एक्सपीरियंस है।

सीरीज 'बड़ा नाम करेंगेइ में कंवलजीत सिंह, अलका अमीन, राजेश जैस, चित्राली लोकेश, राजेश तैलंग, अंजना सुखानी और कई उम्दा कलाकारों की टीम शामिल है। यह सभी कलाकार फिल्मों और टीवी में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। दर्शकों को भी राजश्री प्रोडक्शंस की फिल्म, सीरियल पहले पसंद आए हैं, तो इस सीरीज को लेकर भी फैंस एक्साइटेड हैं।

# बाल झड़ने से हैं परेशान तो अपनाएं ये 6 तरीके, कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा फायदा

बालों का झड़ना पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एक बड़ी समस्या है. आमतौर पर तनाव, प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, खराब सेहत और आहार में गड़बड़ी, बाल झड़ने का कारण माने जाते हैं, इसके साथ ही बालों का झड़ना हार्मोनल बदलाव के कारण भी होता है. पोषक तत्वों की कमी और स्कैल्प पर रूसी का होना भी बाल झड़ने का कारण है. ज्यादातर लोग इस समस्या से निजात पाने के लिए कई तरीके आजमाकर थक चुके हैं. हालांकि, आज इस खबर में नचुरल तरीकों को आजमाकर बालों को झड़ने से कैसे रोकें और बालों के विकास को बढ़ावा देने के क्या करें, इसके बारे में जानें...



**मेथी**

मेथी बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में बहुत मददगार है. मेथी में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं. यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों का गिरना कम करता है. इसके लिए मेथी के दानों को भिगोकर उसे अच्छे से पीसकर स्कैल्प पर लगाएं। 20 मिनट बाद धो लें।

**नींबू का रस**

नींबू साइट्रिक एसिड का बहुत अच्छा स्रोत है. इससे सिर की त्वचा का श्च॥ संतुलित रखने में मदद मिलेगी. यह बालों की ग्रोथ बढ़ाने और डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद है.इसके लिए थोड़े से पानी में नींबू का रस डालकर मिला लीजिए. इसे स्कैल्प पर लगाएं. 20 मिनट बाद धो लें।

**ब्राह्मी**

ब्राह्मी में एल्कलॉइड और ट्राइटरपेनॉइड सैपोनिन होते हैं. यह स्कैल्प को पोषण देने और बालों के रोमों को मजबूत बनाने में मदद करता है. ब्राह्मी बालों के झड़ने को रोकने और सिर पर जमा गंदगी और रूसी को हटाकर बालों के विकास को बढ़ावा देने में फायदेमंद है।

**आंवला**

आंवला विटामिन, खनिज, अमीनो एसिड, फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सिडेंट का एक अच्छा स्रोत है, जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है. यह बालों के रोमों को भी मजबूत करता है और खोपड़ी में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है. इसके साथ ही यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है. इसके लिए आंवले के साथ नारियल का तेल सिर और बालों पर लगाएं. 30 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो लें।

**अंडा**

अंडे में प्रोटीन और अमीनो एसिड प्रचुर मात्रा में होता है. यह बालों को मजबूत बनाता है और बालों का झड़ना रोकने में मदद करता है. अंडे बालों को मुलायम बनाए रखने में भी मदद करते हैं. इसके लिए एक अंडे को अच्छे से फेंट लें और इसे स्कैल्प और बालों पर लगाएं. 20 से 30 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो लें.

**लाल मिर्च**

लाल मिर्च में कई घटक होते हैं जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, जिनमें फ्लेवोनोइड्स और फाइटोस्टेरॉल नामक यौगिक शामिल हैं. यह बालों का झड़ना रोकने में मदद करता है और बालों के विकास को तेज करता है. इसमें एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं. यह डैंड्रफ दूर करने में कारगर है।

# बांग्लादेश ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम से शाकिब अल हसन और लिटन दास को बाहर किया

**ढाका ।** बांग्लादेश ने पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया जिन्हें अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। शाकिब पिछले महीने इंग्लैंड के लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल रहे थे और हाल में चेन्नई में हुई दूसरी स्वतंत्र जांच में भी उनका गेंदबाजी एक्शन पॉजिटिव नहीं पाया गया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके शाकिब को पिछले सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरूआत करेगा। हाल में लचर प्रदर्शन के बाद अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास को भी टीम में शामिल नहीं किया है जो अपनी पिछली 13 वनडे पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना सके। उन्होंने पिछली बार 50 रन से अधिक का स्कोर अक्टूबर 2023 में पुणे में भारत के खिलाफ बनाया था। इन दो बड़े खिलाड़ियों के अलावा ऑलराउंडर अफीफ हुसैन और तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम तथा हसन महमूद भी टीम में जगह पाने में नाकाम रहे। टीम अगुआई नजमुल हुसैन शांटो करेंगे और वह भी चोट से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। नजमुल के साथ अनुभवी मुश्फिकुर रहीम, मुस्तफिजुर रहमान और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज तौहीद ह्रदय ने भी वापसी की है।



# जैकी श्रॉफ और सिकंदर खेर की चिड़िया उड़ का ट्रेलर जारी, 15 जनवरी से अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होगी स्ट्रीम

अभिनेता जैकी श्रॉफ को इन दिनों फिल्म बेबी जॉन में देखा जा रहा है, जिसमें वह खलनायक बन वरुण धवन के भिड़ते नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनके काम को खूब सराहा जा रहा है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। अब जैकी वेब सीरीज चिड़िया उड़ में नजर आएंगे, जिसका निर्देशन रवि जाधव कर रहे हैं। इसमें सिकंदर खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

आखिरकार अब चिड़िया उड़ का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

चिड़िया उड़ की कहानी आबिद सुरती के उपन्यास केज: लव एंड वेंजेंस इन ए रेड लाइट पर आधारित है। ट्रेलर में जैकी का धांसू अवतार दिख रहा है, वहीं सिकंदर सीरीज में जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे।



चिड़िया उड़ में भूमिका मीना, मधुर मित्तल, मीता वशिष्ठ, मयूर मोरे, फ्लोरा सैनी, आभा परमार और उपेन चौहान जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

इस वेब सीरीज को आप 15 जनवरी, 2025 को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में देख सकते हैं।

# श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति चुनाव में 1552 मतदाताओं ने डाले वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित एसएसवी इंटर कालेज में श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति का चुनाव सीसीटीवी

- **श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति चुनाव में 1552 मतदाताओं ने डाले वोट,**
- **मतदान स्थल पर पुलिस बल रहा तैनात,पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण**
- **सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुआ मतदान व मतगणना**
- **अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर कुल 42 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे**

कैमरे व पुलिस बल की निगरानी शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पुलिस अधिकारियों ने मतदान स्थल का निरीक्षण कर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया। 1730 में से चुनाव में 1552 मतदाताओं ने वोट डाले। समाचार लिख जाने तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना जारी थी।

रविवार को श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति चुनाव में अध्यक्ष पद पर संजय कुमार गुप्ता टायर वाले व अशोक कुमार छारिया सहित अन्य पदों पर कुल 42 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे। चुनाव में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने के लिए मतदाताओं ने पुलिस व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में लाइन लगकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं मतदान स्थल एसएसवी इंटर कालेज के गेट पर खड़े प्रत्याशी मतदाताओं से अपने-अपने पक्ष में वोट डालने की अपनी कर रहे थे। चुनाव में 1552 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र शर्मा ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया।









मुख्य चुनाव अधिकारी,एसएसवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने बताया कि श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति चुनाव में कुल 1730 में से 1552 लोगों ने वोट डाले,शेष 178 लोग किन्हीं कारणों से अपना वाट नहीं डाल सके। वोट डालने के लिए मतदान स्थल पर सात बूथ बनाये गये थे।

गौरतलब है,कि समाचार लिखे जाने तक कालेज के मुख्य हॉल में पुलिस व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना जारी थी,देर शाम तक चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा।

### वन विभाग डेढ़ महीने में बाघ के ठिकाने का नहीं लगा सका पता

# बाघ के पैरों पर चल रहा वन विभाग, फिर भी संस्थान के चारों ओर बेखौफ घूम रहा बाघ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** लगभग डेढ़ महीने से राजधानी से करीब 20 किलोमीटर दूर रहमान खेड़ा संस्थान से लेकर आसपास के जंगलों में बेखौफ घूम रहे बाघ ने अब तक दर्जन भर तक शिकार किया है लेकिन वन विभाग अभी तक आठ जानवरों के मारे जाने की ही पुष्टि कर रहा है। करीब 1 महीने में वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने बाघ को रेस्क्यू करने के लिए कई बार दिशा निर्देश दिए हैं और प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक जिलों के डॉक्टर और विशेषज्ञ भी उसे पकड़ने के लिए बुलाए जा चुके हैं। विशेषज्ञों ने अधिकारियों को जो सुझाव दिए उनके अनुसार बाघ को रेस्क्यू करने के लिए दर्जनों कैमरे,

### ग्रामीणों की आशंका कहीं दोबारा तो नहीं आ गया पहले वाला बाघ

सीसीटीवी कैमरे, कई पिंजरे और सैकड़ो मीटर जाल लगाने के अलावा कई मचान और दो हथिनी भी इस ऑपरेशन का हिस्सा है। बाघ रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व लखनऊ मंडल की अपर मुख्य प्रधान वन संरक्षक डॉ रेणु सिंह कर रही हैं आज उनके साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ अनुराधा बेमुरी, प्रभागीय वनाधिकारी लखनऊ शितांशु पांडे, प्रभागीय वनाधिकारी वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ अबू अरशद खान, डॉक्टर उत्कर्ष शुक्ला प्राणी उद्यान लखनऊ के अलावा उप प्रभागीय वन अधिकारी मोहनलालगंज चंदन चौधरी एवं हरी लाल भी लगातार मौके का निरीक्षण कर रहे हैं लेकिन उनके अनुसार अभी तक बाग का ठिकाना पता नहीं चल सका है क्योंकि वह संस्थान के बाहर जंगल में भी जाकर जानवरों का शिकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वह किसी तरह संस्थान के अंदर एक स्थान पर स्थिर होकर रुकने लगे तो हम उसे आसानी से रेस्क्यू कर पाएंगे अन्यथा उसे रेस्क्यू करना आसान नहीं है। वन विभाग के अनुसार वह लगातार बाघ के पद चिन्हों का पीछा करके अंदर लाने का प्रयास कर रहे हैं और हमारा प्रयास है कि वह जंगली जानवरों के अलावा किसी ग्रामीण के पालतू जानवरों और किसानों को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचाएं इसलिए हम उसे अभी बलपूर्वक जल्दबाजी में पकड़ने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।












**कहीं यह पहले वाला बाघ तो नहीं**

दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि यह बाघ वन विभाग की हर रणनीति को लगातार विफल करता चला आ रहा है इसलिए ऐसा लगता है कि कहीं यह 12 साल पहले वाला बाघ दोबारा तो नहीं आ गया क्योंकि वह बाघ 108 दिन बाद पकड़ा जा सका था । इस संबंध में डीएफओ का कहना है कि यह बाघ 5 साल का ही है और वह बाघ अब कम से कम 20 साल का हो चुका होगा। वन विभाग ने बिना पकड़े ही उसे 5 साल का बता दिया।

वन विभाग और सीआईएसएच की चेतावनी के बावजूद, संस्थान के अंदर अवैध तरीके से लकड़ियां और घास काटने जाती हैं महिलाएं और लड़कियां

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा और वन विभाग ने अवैध तरीके से संस्थान के अंदर लकडियाँ और घास काटने पर बाघ द्वारा किसी प्रकार की क्षति पहुंचाये जाने के पर स्वयं को जिम्मेदार ठहराते हुए चेतावनी लिखे बैनर लगा दिए हैं बावजूद इसके दर्जनों महिलाएं और बच्चियों संस्थान के अंदर लकडियाँ तोड़ने जाती हैं।

## भारत में बना हाइड्रोजन ट्रेन इंजन सबसे पावरफुल: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

**भुवनेश्वर ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाला ट्रेन इंजन किसी भी देश द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली इंजन है।

रेल मंत्री ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस पर आयोजित हरित संबंध: सतत विकास में प्रवासी भारतीयों का योगदान विषय पर पूर्ण सत्र के दौरान पैनल चर्चा में यह टिप्पणी की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले ट्रेन इंजन में दुनिया के किसी भी देश द्वारा विकसित इंजन की तुलना में अधिकतम हॉर्स पावर आउटपुट है। उन्होंने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक का उपयोग कर ऐसी उपलब्धि भारत को विकास के लिए हरित ऊर्जा का उपयोग करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनने के लिए प्रेरित करती है।



केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, दुनिया में केवल चार देशों में हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें हैं, और वे 500 से 600 हॉर्स पावर के बीच ऊर्जा क्षमता का उत्पादन करती हैं। हमारे द्वारा निर्मित इंजन की क्षमता 1,200 हॉर्स पावर है, जो इस श्रेणी में अब तक का सबसे अधिक है।उन्होंने चर्चा के दौरान उपस्थित लोगों को बताया कि इस तरह की पहली ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद-सोनीपत मार्ग पर ट्रायल रन करने की उम्मीद है। इंजन निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन वर्तमान में इसका सिस्टम इंटीग्रेशन चल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत में निर्मित हाइड्रोजन से चलने वाले रेल इंजन को स्वदेशी टैलेंट का उपयोग कर विकसित किया गया है।उन्होंने आगे कहा, जब हम इतने बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रेन इंजन का निर्माण कर सकते हैं, तो इस तकनीक को ट्रकों, टगबोट और अन्य के लिए पावर ट्रेन बनाने के लिए अपनाने की क्षमता पर विचार करें। उन्होंने कहा कि हालांकि इस तरह की तकनीकी उन्नति हमें आत्मविश्वास देती है, लेकिन भारत को तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के मामले में अभी लंबा सफर तय करना है और वैल्यू चेन के कुछ हिस्सों को बनाने की जरूरत है।

## गुरुकुल स्कूल में 11वीं सीनियर राष्ट्रीय राकेट बॉल प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गांव नूरपुर स्थित गुरुकुल स्कूल मे आयोजित तीन दिवसीय ग्यारहवीं सीनियर राष्ट्रीय राकेट बॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची तमिलनाडु की महिला, पुरुष दोनों ही टीमों ने प्रथम स्थान हासिल कर विजेता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। गुरुकुल स्कूल के क्रीडा स्थल पर आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 25 राज्यो की 29 टीमों के 350 से अधिक खिलाडियो ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता मे तमिलनाडु की पुरुष टीम ने पश्चिम बंगाल को हराकर तो वहीं तमिलनाडु की महिला टीम ने पंजाब को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। और फाइनल में भी तमिलनाडु की ही महिला और पुरुष दोनों ही टीमों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता के फाइनल में पुरुष टीम में तमिलनाडु ने प्रथम, पश्चिम बंगाल में द्वितीय, कर्नाटक ने तृतीय तथा पंजाब ने चौथा स्थान हासिल किया। जबकि महिला टीम में तमिलनाडु ने प्रथम, पंजाब में द्वितीय, पश्चिम बंगाल ने तृतीय तथा कर्नाटक ने चौथा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाडी गणेश (तमिलनाडु), लोकेश (तमिलनाडु), स्वेल (गुजरात) व निशान (पंजाब) रहे। विजेता टीम को मुख्य अतिथि भारतीय कबड्डी टीम के कोच अर्जुन सिंह, स्कूल प्रबंधक विक्रांत चौधरी, दुष्यंत चौधरी एवं प्रधानाचार्या गीता चौधरी द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।




## हादसे को अंजाम देकर भागने वाले कार ड्राइवर को 60 किलोमीटर दूर दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के दक्षिणी पश्चिमी जिला में एक व्यक्ति को टक्कर मारकर फरार होने वाले ड्राइवर को कार सहित चंद मिनट में दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। भीकाजी कामा फ्लाईओवर के पास अर्टिगा कार को टक्कर मारने वाले ऑडी चालक को दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस की एस डब्ल्यू डी टीम ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के साथ ही 60 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को दबोचा। टक्कर मारने के बाद आरोपी मौके पर अपनी गाड़ी छोड़कर भाग निकला था। सफदरजंग एन्क्लेव थाना क्षेत्र स्थित भीकाजी कामा फ्लाईओवर पर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के सामने 11 जनवरी की सुबह सिल्वर कलर ऑडी ए-4 मॉडल कार ने अर्टिगा को टक्कर मारी। दुर्घटना में अर्टिगा कार चालक सुखजीत नंदा पुत्र रामधन नंदा की मृत्यु हो गई, जो हिसार (हरियाणा) जिले की नवदीप कॉलोनी में रहते थे। पुलिस ने 50 सीसीटीवी की फुटेंज खंगाली दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि सफदरजंग एन्क्लेव थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी और मैनुअल निगरानी के आधार पर 50 से अधिक सी सी टी वी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया। करीब 60 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद आरोपी ऑडी चालक पारस पठानिया निवासी पुष्कर इन्क्लेव (पश्चिम विहार) को गिरफ्तार किया। आरोपी वर्ष 2018 से कनाडा में रह रहा था। अप्रैल 2024 में वह कनाडा से दिल्ली आकर शिफ्ट हुआ था। कुछ समय पहले ही उसने पुरानी सिल्वर कलर ऑडी ए-4 माडल कार खरीदी थी। सुबह किसी क्लब से लौटने के दौरान उसने एम्स की तरफ से आने के दौरान भीकाजी कामा फ्लाईओवर के पास अर्टिगा को टक्कर मारने से मृत्यु हो गई थी।

## कानपुर में दबंग दीपक सिंह के असलहों के अवैध प्रदर्शन से भयभीत हंसपुर वाले, डीसीपी से शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** नौबस्ता थाना क्षेत्र का हंसपुर गांव आजकल दबंग गुंडों के निशाने पर है। सोशल मीडिया पर इन दबंगों का

**दबंगई के प्रदर्शन के लिए अर्जुन उर्फ दीपक सिंह का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**

यह आतंक खुलेआम असलहों और वीडियो धमकियों के रूप में खूब वायरल भी हो रहा है। डीसीपी से की गई शिकायत के बाद पुलिस ने घटना की जांच की शुरू कर दी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक विरोध करने पर हत्या कर देने की हद तक बरकरार आतंक के फलस्वरुप हंसपुर के अधिकांश पीड़ित इन दबंगों के खिलाफ खुलकर शिकायत करने का साहस भी नहीं करते, फिर भी कुछ गांव वालों ने हिम्मत करके घटना की शिकायत डीसीपी दक्षिण से करते हुए एफ आर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हंसपुर में रहने वाले सुधीर कुमार सिंह , जंग बहादुर सिंह ,श्रीकृष्ण सिंह तोमर, सतीश सिंह ,जयंत सिंह, संजीव सिंह और नेकपाल सिंह आदि पीड़ितों के साथ डीसीपी दक्षिण से शिकायत करने पहुंचे केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप देश और समाज के हित में शिक्षा के क्षेत्र में हर दृष्टिकोण से अग्रणी बताए जाने वाले हंसपुर स्थित विद्यालय के संचालक लवकुश सिंह ने एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाही करने की मांग करते हुए बताया कि अर्जुन सिंह उर्फ दीपक सिंह पुत्र नेकपाल सिंह निवासी मकान नं० 82 हंसपुर नौबस्ता ने अपनी दबंगई के प्रदर्शन का अड्डा आजकल क्षेत्र की पाल आटा चक्की को बना रखा है। जहां से दबंग अर्जुन सिंह उर्फ दीपक सिंह दबंगई और गुंडई के जरिए अपने स्वार्थ पूर्ति के इरादे को



पूरा करने के लिए काल्पनिक नामों से गाली गलौज करने के साथ ही तरह-तरह के हथकंडों से संभ्रांत लोगों को भयभीत भी करता है। इसके लिए वह सोशल मीडिया व्हाट्सएप और फेसबुक आदि का भी सहारा लेता है। घटना की शिकायत डीसीपी दक्षिण से करने पहुंचे सर्वोत्तम शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विद्यालयों में से एक के संचालक लवकुश सिंह और अन्य सभी पीड़ितों ने सूत्रों को बताया कि इस दबंगई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हाल में ही दबंग अर्जुन सिंह उर्फ दीपक सिंह असलहे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल फोटो वीडियो भी लोगों को काल्पनिक नामों से धमकी दे रहा है। यद्यपि समाचार पत्र आतंक पूर्ण चर्चा का विषय बने इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पीड़ितों और आरोपी के नजदीकी सूत्रों के भी मुताबिक अर्जुन उर्फ दीपक सिंह लोगों को भयभीत करने के लिए जिन असलहों राइफल और रिवाल्वर आदि का प्रयोग सोशल मीडिया पर करता है ,उनका लाइसेंस धारक अर्जुन उर्फ दीपक सिंह है ही नही। वह इसके लिए किसी अन्य के नाम वाले लाइसेंसी असलहों का प्रयोग करता है।

**सम्मान** योग, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य में अद्वितीय योगदान के लिए सुमित सेंगर को राष्ट्रीय सम्मान

# स्वामी विवेकानंद यूथ आइकन अवार्ड से सम्मानित हुए सुमित सेंगर, बने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित लाजपत भवन में जिले के भवन टोला जय प्रकाश नगर समाजसेवी शिव सिंह के पुत्र योगगुरु इंजीनियर सुमित सेंगर को स्वामी विवेकानंद यूथ आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा, योग और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए *दिल्ली पुलिस अकादमी के डिप्टी डायरेक्टर जितेंद्र मणि त्रिपाठी और लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी द्वारा प्रदान किया गया।

सुमित सेंगर ने अब तक हजारों छात्रों को मानसिक तनाव, परीक्षा दबाव और असफलता से उबरने में मार्गदर्शन प्रदान किया है। योग और ध्यान के माध्यम से वे छात्रों को मानसिक स्थिरता, आत्मबल और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद सुमित सेंगर ने कहा, "आज कोटा, दिल्ली, प्रयागराज, पटना, लखनऊ, कानपुर जैसे शहरों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों पर शैक्षणिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं और परिवार की उम्मीदों का भारी बोझ पड़ रहा है। इससे कई छात्र मानसिक अवसाद और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। योग और ध्यान न केवल उन्हें तनाव से मुक्ति प्रदान करता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है।" उन्होंने आगे कहा, "यह सम्मान मैं उन सभी विद्यार्थियों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने योग के माध्यम से आत्मबल बढ़ाकर अपने लक्ष्य प्राप्त




किए हैं। हमारा प्रयास है कि युवाओं में सकारात्मकता और स्वावलंबन का बीज बोया जाए, जिससे वे एक उज्जवल और सशक्त भारत का निर्माण कर सकें।"

इस अवसर पर देशभर से असाधारण कार्य करने वाली लगभग दो दर्जन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय योग शिक्षक संघ के अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी, कारगिल योद्धा कैप्टन अखिलेश सक्सेना और लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी ने सुमित सेंगर की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सुमित सेंगर ने अपनी इस उपलब्धि के माध्यम से न केवल योग और शिक्षा में एक नई मिसाल कायम की है, बल्कि युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता और प्रेरणा का स्त्रोत भी बने हैं।

## श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल ने फ्री हैल्थ चैकप कैंप लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खुर्जा रोड पर गांव पंचायत घर धमारावली में श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल हैल्थ चेकप कैंप लगाया गया, जिसमे मुफ्त ओपीडी के साथ दवाइयां में जांच फ्री दी गई ।



कैम्प का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक था। कैम्प में 250 पेसन्ट को निःशुल्क जाँच कर दवाएं फ्री दी। डॉ पुलकित जैन व डॉ श्रुति मोहन उमियाल जैन ने बताया कि कैंप हर महीने लगाया जाता है इस कैंप में निःशुल्क सेवाएं दी जाती है लोगों को हमारे श्री हेल्थ विंग हॉस्पिटल से काफी राहत मिलती है साथ ही डॉ ऋषि तोमर डॉ संगीता चौधरी विनोद दीपांशु लोधी पूजा इमरान सी पी शर्मा सुमित सैनी सहित सभी लोगों का ग्रामीण वासियों ने धन्यवाद किया और कहा कि श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल द्वारा जो कैंप लगाया गया है इससे सभी लोगों का इलाज अच्छा हुआ है और आगे भी ऐसे ही कैंप लगता रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267